दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026
2009 से स्थापित
सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'विश्वास टूटने पर दुख होता है, लेकिन वही टूटन हमें यह सिखाती है कि असली ताकत दूसरों में नहीं, अपने आत्मबल में होती है।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937



# ट्रम्प ने ईरान को बास्टर्ड कहा, धमकी दी- होर्मुज खोलो

## नहीं तो नरक बना दूंगा, पावर प्लांट और पुलों पर हमला करेंगे

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को बास्टर्ड कहते हुए होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोलने पर बड़ा हमला करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज नहीं खोला तो वो उसे नरक बना देंगे। इसके साथ ही उन्होंने ईरान में पावर प्लांट और पुलों पर हमला करने की बात कही।

ट्रम्प ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान में मंगलवार को पावर प्लांट डे और ब्रिज डे एक साथ होगा यानी हमला होगा। ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोले दे, नहीं तो नरक जैसे हालात में पहुंच जाएगा। अमेरिका ने इससे पहले गुरुवार को ईरान की राजधानी तेहरान को कराज शहर से जोड़ने वाले B1 हाईवे ब्रिज पर हमला किया था। यह पुल इसी साल शुरू हुआ था और इसे मिडिल ईस्ट का सबसे ऊंचा पुल माना जाता है।




करीब 1050 मीटर लंबे और 136 मीटर ऊंचे इस पुल को बनाने में लगभग 400 मिलियन डॉलर (करीब 3,800 करोड़) खर्च हुए थे।

### ईरान ने ट्रम्प का 48 घंटे का अल्टीमेटम ठुकराया

ईरान ने ट्रम्प के 48 घंटे में होर्मुज खोलने के अल्टीमेटम को ठुकरा दिया है। ईरानी सेना ने कहा है कि अमेरिका बेबस और घबराकर धमकियां दे रहा है। ट्रम्प ने ईरान को होर्मुज खोलने या समझौता करने का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा था कि समय खत्म हो रहा है और ऐसा नहीं होने पर ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया जाएगा।

### नेतन्याहू ने अमेरिकी पायलट को बचाने पर ट्रम्प को बधाई दी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान में फंसे अमेरिकी एफ-15 पायलट को बचाने पर डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिकी सेना को बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक बहादुर पायलट को सुरक्षित बचाया जाना बड़ी बात है और इस पर सभी इजराइली खुश हैं। अमेरिकी सैनिकों ने बहुत हिम्मत का काम किया है।नेतन्याहू ने कहा कि यह घटना दिखाती है कि जब देश मिलकर हिम्मत और मजबूत इरादे से काम करते हैं, तो वे बड़ी मुश्किलों को भी पार कर सकते हैं। इस ऑपरेशन से यह बात फिर साबित होती है कि किसी को पीछे नहीं छोड़ा जाता।

### रिपोर्ट- अमेरिका ने तकनीक चोरी होने के डर से अपने विमान जलाए

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान से एक बचाए गए अमेरिकी एयरमैन और कमांडो को निकालने वाले दो ट्रांसपोर्ट विमान वहीं फंस गए थे। इसके बाद अमेरिका को तीन नए विमान भेजने पड़े। रिपोर्ट के मुताबिक, बाद में अमेरिकी सेना ने उन फंसे हुए ट्रांसपोर्ट विमानों को उड़ा दिया, ताकि उनकी तकनीक ईरान के हाथ न लगे।

### ईरानी उपराष्ट्रपति बोले- ट्रम्प अपने लोगों की भलाई छोड़, ईरान को डरा रहे

ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ट्रम्प अपने ही देश के लोगों को इलाज जैसी सुविधाएं नहीं दे पा रहे, लेकिन दूसरी तरफ ईरान को धमकी दे रहे हैं। आरिफ ने कहा कि ऐसा नेता जो अपने लोगों की भलाई छोड़कर दूसरों को डराता है, वह बहुत पुरानी सोच वाला है। ईरान मुश्किल हालात में भी आगे बढ़ने और विकास का रास्ता चुन रहा है।

## डॉ. जुल्फिकार को नई दिल्ली में मिला नेशनल गौरव अवार्ड

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

**हर्ष स्वामी ।** भीमसर गांव के निवासी युवा लेखक एवं शोधकर्ता डॉ. जुल्फिकार को नेशनल गौरव अवार्ड - 2026 से सम्मानित किया गया है। युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद पर देश - विदेश में पिछले कई सालों से शोध कार्य करने वाले शोधकर्ता डॉ. जुल्फिकार को यह सम्मान नई दिल्ली के राजा राममोहन राय मेमोरियल हॉल में कम्युनिटी वेलफेयर फाऊंडेशन इंडिया की ओर से आयोजित भव्य समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आराध्या शल्य चिकित्सक दिल्ली, डॉ. विजय कुमार अति विशिष्ट अतिथि, संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष के.के.भारद्वाज ओर (VIF) संस्था के अध्यक्ष डॉ.राजीव गर्ग सहित कई अन्य सम्मानित अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, जो उनके निरंतर योगदान और कार्य की सार्थकता का प्रमाण है। उन्हें यह सम्मान शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान ओर समाज व देश के लिए उत्कृष्ट सेवाओं हेतु अलंकृत किया गया है। यह कोई पहला अवसर नहीं है जब डॉ. जुल्फिकार को सम्मानित किया गया हो। इससे पूर्व भी उन्हें देश - विदेश की कई नामी संस्थाओं द्वारा शिक्षा,समाज सेवा, विवेकानंद पर पुस्तक लेखन और रिसर्च कार्यों के लिए सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर देशभर की 28 प्रतिभाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



## राजस्थान के 14 जिलों में बारिश और आंधी की चेतावनी

**जयपुर**

राजस्थान में आज (सोमवार) से एक नया स्ट्रॉन्ग वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। इसके चलते सोमवार और मंगलवार को तेज आंधी-बारिश और ओलावृष्टि होने का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। 14 जिलों में आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से चल रहा आंधी-बारिश का दौर रविवार को कमजोर रहा। उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ इलाकों में हल्के बादल छाए रहे, लेकिन शेष राज्य में मौसम ड्राय रहा और आसमान साफ रहने से धूप खिली रही। राज्य के कुछ शहरों के तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई। पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो जयपुर, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर संभाग के एरिया में आसमान साफ रहा और धूप रही। सबसे अधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 35.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। कोटा में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर में 33.3, फलोदी में 32.6, दौसा में 32.8, प्रतापगढ़ में 32.3, करौली में 32.5, जालोर में 32.2, डूंगरपुर में 33.3, बारां में 32.4, जैसलमेर में 32.9, चूरू में 32.1, बीकानेर में 31.4, श्रीगंगानगर में 31.1, उदयपुर में 31.8, अजमेर में 31.2 और अलवर में 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



रविवार को कोटा, उदयपुर संभाग के एरिया में सुबह से दोपहर तक आसमान में हल्के बादल छाए, लेकिन दोपहर के बाद यहां भी आसमान धीरे-धीरे साफ होने लगा और हल्की धूप निकली। देर शाम जालोर, सिरोही, बाड़मेर के एरिया में आसमान में हल्के बादल छाए, लेकिन बारिश नहीं हुई।






# इन लकड़ियों से करें दातुन, स्वस्थ और चमकदार रहेंगे दांत

**दांत साफ करने के लिए लोग अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल करते हैं। इसी में से एक दातुन का इस्तेमाल भी है। दातुन किसी खास पेड़ की एक पतली टहनी से बना होता है। ये सदियों से गांवों में दांत साफ करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ज्यादातर लोग नीम के दातुन का इस्तेमाल करते हैं। नीम का पेड़ औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसके दातुन का इस्तेमाल करने से सेहत को काफी लाभ होता है। दातुन से दांत साफ करने से दांत और मसूड़े मजबूत बनते हैं। इससे दांतों का पीलापन दूर होता है और सांसों की बदबू से भी छुटकारा मिलता है। दातुन के लिए सिर्फ नीम ही नहीं, और भी कई पेड़ों की टहनियां इस्तेमाल किया जा सकता है।**

**अर्जुन का दातून :** अर्जुन का पेड़, पत्ते और छाल औषधी के रूप में इस्तेमाल किए जाते हैं। अर्जुन की लकड़ी का इस्तेमाल दातुन के तौर पर किया जा सकता है। अर्जुन के दातुन से दांत साफ करने से कई समस्याएं दूर होई हैं। इसमें अर्जुनेटिन और टैनिक तत्व मौजूद होते हैं, जो ब्लड को प्यूरीफाई करने में मदद करते हैं। अर्जुन की लकड़ी से बना दातुन करने से हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा काफी कम होता है।

**बबूल का दातून :** नीम की तरह बबूल के पेड़ की टहनी से बना दातून भी दांतों के लिए फायदेमंद होता है। बबूल की लकड़ी औषधीय गुणों से भरपूर होती है। बबूल के दातुन से दांत साफ करने से मसूड़ों से खून आना, मुंह के छालों और मुंह से बदबू आने की समस्या दूर होती है। बबूल की लकड़ी से दातुन करने से दांत सफेद और चमकदार बनते हैं। इससे गले में खराश की समस्या में भी काफी आराम मिलता है।

**अमरूद का दातून :** अमरूद के फल के अलावा, उसके पत्ते और लकड़ी भी बेहद फायदेमंद होती है। अमरुद के पेड़ की टहनी का इस्तेमाल दातुन के तौर पर किया जा सकता है। अमरुद के दातुन में औषधीय गुण मौजूद होते हैं। अमरुद का दातुन दांतों और मसूड़ों को स?वच?छ रखता है। इसकी लकड़ी में मौजूद रस शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**आम का दातून :** आम की टहनी से बना दातुन दांतों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। आम की लकड़ी औषधीय गुणों से भरपूर होती है। आम के दातुन का इस्तेमाल करने से दांतों की सफाई होती हैं। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जिससे मसूड़ों के दर्द और सूजन से जल्द राहत मिलती है। आम की लकड़ी के रस में मौजूद तत्व सेहत और त्वचा के लिए बहुत लाभकारी होते हैं। आम के पेड़ को शुद्ध माना जाता है, इसलिए इसके दातुन का



**बेर का दातून :** बेर की लकड़ी का इस्तेमाल दातुन के तौर पर किया जा सकता है। बेर का दातून इस्तेमाल करने पर दांतों से जुड़ी कई समस्याएं दूर होती हैं। बेर की टहनी में कई औषधीय गुण मौजूद होते हैं। नियमित रूप से बेर का दातुन करने से दांत साफ और स्वस्थ बनते हैं। इससे गले में खराश की समस्या दूर होती है। इसके दातुन से निकलने वाले रस से मुंह की दुर्गंध भी दूर होती है। आप बेर के दातुन का इस्तेमाल किसी भी मौसम में आसानी से कर सकते हैं।

## ग्रीन टी पीते हैं तो ध्यान रखें ये सावधानियां वरना हो सकते हैं गंभीर नुकसान

आज के समय में फिटनेस फ्रीक लोगों के बीच कॉफी से ज्यादा ग्रीन टी पीने का चलन है। गरी टी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद मानी जाती है। इसका सेवन करने से आपके शरीर का चयापचय ठीक रहता है और वजन कंट्रोल में रहता है। इसके अलावा गरी टी पीने से आपका इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। कई शोध और अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि ग्रीन टी पीने से आपके बाल और स्किन को भी बड़ा फायदा मिलता है। लेकिन जिस तरह से किसी भी चीज का बहुत ज्यादा सेवन सेहत के लिए नुकसानदायक होता है उसी तरह गरी टी का भी ज्यादा सेवन आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है।



### ग्रीन टी पीने के नुकसान

वैसे तो ग्रीन टी पीने से आपकी सेहत को कई फायदे मिलते हैं लेकिन गलत ढंग से इसका सेवन करना बहुत नुकसानदायक भी हो सकता है। दिन में कई बार ग्रीन टी पीने से आपको कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दिन में ज्यादा से ज्यादा 2 से 3 कप ग्रीन टी पीना फायदेमंद होता है। इससे ज्यादा ग्रीन टी का सेवन करने से आपको पेट से जुड़ी परेशानियां जैसे मरोड़ आदि हो सकता है।

- 2 से 3 कप ग्रीन टी से ज्यादा ग्रीन टी पीने से आपको गंभीर सिरदर्द की समस्या होती है। इसकी वजह से आपको माइग्रेन की समस्या का खतरा रहता है।
- बहुत ज्यादा ग्रीन टी पीने से आपको पेट और पाचन से जुड़ी परेशानियों से जूझना पड़ सकता है। इसकी वजह से आपके पेट में मरोड़, दर्द और अपच की समस्या हो सकती है।
- ज्यादा ग्रीन टी पीने से आपको नींद से जुड़ी परेशानियां भी हो सकती हैं। ज्यादा ग्रीन टी पीने से आपके शरीर में मेलाटोनिन हॉर्मोन का संतुलन बिगड़ सकता है जिसकी वजह से नींद की कमी हो सकती है।
- ग्रीन टी का ज्यादा सेवन करने से आपको उल्टी और मतली की समस्या हो सकती है। ग्रीन टी में टैनिन की मात्रा ज्यादा होती है जो उल्टी का कारण बन सकती है।
- बहुत ज्यादा ग्रीन टी पीने से आपका ब्लड प्रेशर कम हो सकता है और इसकी वजह से कई दूसरी परेशानियां भी हो सकती हैं।

### ग्रीन टी पीते समय ध्यान रखें ये बातें

वैसे तो ग्रीन टी का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद होता है, लेकिन कुछ समस्याओं में इसका सेवन करने से कई गंभीर परेशानियां हो सकती हैं। एक्सपर्ट्स और डॉक्टर्स यह कहते हैं कि रोजाना संतुलित मात्रा में ही ग्रीन टी का सेवन करना चाहिए इसके अलावा कुछ समस्याओं में ग्रीन टी पीने से परहेज भी रखना चाहिए। अगर आपको एनीमिया की समस्या है ग्रीन टी पीने से बचें। एनीमिया में ग्रीन टी का बहुत सेवन करने से आपका हीमोग्लोबिन लेवल और कम हो सकता है। इसके अलावा मोतियाबिंद या आंख से जुड़ी दूसरी गंभीर समस्या से पीड़ित हैं तो ग्रीन टी पीने से बचना चाहिए। इसकी वजह से आपकी आंखों पर दबाव पड़ता है और आंख से जुड़ी परेशानियां बढ़ सकती हैं। ऐसे लोग जो एंटी-बायोटिकदवा का सेवन कर रहे हैं उन्हें भी ग्रीन टी का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

# बच्चों के सिर में फोड़े-फुंसी होने का कारण और इसका इलाज

**बच्चों की त्वचा संवेदनशील होती है। मौसम में होने वाले थोड़े से बदलाव से भी उनकी त्वचा में कई तरह की परेशानियां होने लगती है। छोटे बच्चे अपनी परेशानी अपने माता-पिता को नहीं बता पाते हैं, किसी भी तरह की समस्या होने पर बच्चे बस रोना शुरू कर देते हैं। लेकिन माता पिता को समझना पड़ता है कि बच्चे को किस वजह से परेशानी हो रही होगी। दरअसल बच्चों के शरीर में विकास तेजी हो रहा होता है ऐसे में उनका इम्यून सिस्टम भी कमजोर होता है। जिसकी वजह से बच्चे न चाहते हुए भी कई तरह के संक्रमण से ग्रसित हो जाते हैं। त्वचा पर संक्रमण होने की वजह से ही उनको सिर व अन्य हिस्सों पर फोड़े फुंसी होने लगते हैं।**

### बच्चों के सिर में होने वाले फोड़े-फुंसी क्या संक्रामक होते हैं?

यदि आपके बच्चे के सिर या त्वचा पर होने वाले फोड़े फुंसी में मवाद हैं, तो ये समस्या संक्रामक हो सकती है। ये समस्या बालों के रोम छिद्रों में ज्यादा होती है। ये फोड़े फुंसी छोटे होते हैं और पहले ये हल्की सी गांठ का रूप लिए होते हैं। बाद में ये मवाद से भर जाते हैं। सिर पर होने वाले फोड़े फुंसी बाद में धीरे-धीरे बच्चे के पूरे शरीर में फैल जाते हैं।

### बच्चों के सिर पर फोड़े-फुंसी होने के कारण

- बच्चों के सिर पर फोड़े फुंसी तब होते हैं जब उनके रोम छिद्रों से स्टेफिलोकोकस ऑरियस नामक बैक्टीरिया प्रवेश कर लेता है। इसके अलावा भी अन्य कारण हो सकते हैं।
- बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता का कमजोर होना।
- बच्चे की साफ सफाई पर सही तरह से ध्यान न देना।
- बच्चे में खून में किसी तरह की समस्या होना।
- बच्चों को पर्याप्त पोषण न मिलना।
- इसके साथ ही बच्चे को एलर्जी होने से भी फोड़े फुंसी होने लगते हैं।

### बच्चे के फोड़े फुंसी होने का इलाज कैसे कराएं

- बच्चे के सिर पर फोड़े फुंसी होने पर आपको डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। इस दौरान डॉक्टर ही इलाज का सही तरीका बताते हैं।
- इस समस्या पर डॉक्टर बच्चे की स्थिति पर इलाज का चुनाव करते हैं। इस समस्या में एंटी इंफेक्टिव क्रीम एक बेहतर विकल्प हो सकती है। यदि बच्चे को ज्यादा परेशानी हो तो बच्चे को एंटी बायोटिक दवााएं दी जा सकती है।




- अगर फोड़े फुंसी ज्यादा बड़े हो जाए तो डॉक्टर उसमें चीरा लगाते हैं। इस प्रक्रिया में डॉक्टर फोड़े को काट कर पस को बाहर निकाल देते हैं। इसके बाद चीरे की ड्रेसिंग कर दी जाती है और उसमें घाव को भरने की क्रीम लगा दी जाती है।

### बच्चे के सिर पर फोड़े फुंसी होने का बचाव कैसे करें

- बच्चे के सिर पर फोड़े फुंसी होने से बचाव करने के लिए आप कई तरह के उपाय अपना सकते हैं।
- इस समस्या से बचने के लिए आप बच्चे के सिर की स्कैल्प पर रबिंग अल्कोहल का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- इसके अलावा अक्सर गर्मी की वजह से बच्चे के सिर पर फोड़े फुंसी हो जाते हैं। ऐसे में आप बच्चे के सिर पर नारियल का तेल लगा सकते हैं।
- नारियल के तेल में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो बच्चे की सिर की त्वचा को बैक्टीरिया मुक्त बनाते हैं।

## बच्चे की मोबाइल यूज करने की लत छुड़ाने के लिए फॉलो करें ये आसान टिप्स



आजकल वर्किंग पेरेंट्स के पास बच्चों के साथ वक्त बिताने का ज्यादा समय नहीं होता, ऐसे में वह बचपन से ही बच्चे के हाथ में मोबाइल थमा देते हैं। लेकिन कुछ समय के बाद बच्चे को मोबाइल की लत लग जाती है और वह हर वक्त मोबाइल में बिजी रहता है। कुछ बच्चों को तो मोबाइल की इतनी लत लगती है कि वह खाना भी मोबाइल में कुछ न कुछ देखते हुए ही खाना पसंद करते हैं। कई बार बच्चे मोबाइल में इंटरनेट पर कम उम्र में ऐसा कंटेंट भी चोरी-छिपे देखने लगते हैं जो कि उन पर गलत असर डाल सकता है। वहीं जब पेरेंट्स बच्चों से मोबाइल अलग करते हैं तो वह रोने लगते हैं या फिर चिड़चिड़े हो जाते हैं।

**आउटडोर गेम्स**-बच्चों को मोबाइल पर गेम्स खेलना बेहद पसंद होता है, जिसकी उन्हें लत लग जाती है। मोबाइल पर गेम्स खेलने के चक्कर में बच्चे समय से न तो खाना खाते हैं और न ही उनका मन पढ़ाई में लगता है। मोबाइल पर लंबे समय तक गेम्स खेलने के कारण बच्चों की नजर भी कमजोर होने लगती है। मोबाइल की लत छुड़वाने के लिए आप बच्चे को आउटडोर गेम्स और एक्टिविटी में बिजी रखें। बच्चे के साथ आप गार्डनिंग करें और उसे भी इसके गुर सिखाएं। इसके अलावा आप बच्चे को साइकिल चलाना सिखाएं और उसे डेली कम से कम 15 से 30 मिनट के लिए साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करें। आप बच्चे को क्रिकेट, बैडमिंटन और अन्य गेम्स के लिए भी मोटिवेट कर सकते हैं।

**बचपन में न दें मोबाइल**-बच्चे को कम उम्र में मोबाइल फोन खरीदकर न दें, वहीं अगर वह आपका मोबाइल इस्तेमाल करता है तो इसका भी एक समय निर्धारित करें। अगर बच्चा ज्यादा मोबाइल मांगता है तो उसे प्यार से मना करें और उसके साथ वक्त बिताएं ताकि वह बिजी रह सके।

**फैमिली टाइम**-आजकल ज्यादातर पेरेंट्स वर्किंग होते हैं और ऐसे में बच्चे के साथ माता-पिता ज्यादा समय नहीं बिता पाते। आप कोशिश करें कि वीकेंड्स पर अपने बच्चे को पूरा समय दें और उसके साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करें। आप बच्चों के साथ गेम्स खेलें और उन्हें किसी न किसी एक्टिविटी में बिजी रखें। बच्चे अगर बिजी रहेंगे तो खुद ही मोबाइल से दूर रहेंगे।

**बच्चे को टास्क दें**-वर्किंग पेरेंट्स अपने बच्चों को हफ्तेभर में पूरे होने वाले टास्क दे सकते हैं, ऐसा करने पर बच्चा टास्क को पूरा करने में बिजी रहेगा। आप बच्चे को नई-नई एक्टिविटी में भी बिजी रख सकते हैं। आपका बच्चा जितना बिजी रहेगा वह उतना ही मोबाइल से दूर रहेगा। वहीं अगर आप बच्चे को डांटकर मोबाइल से अलग करेंगे तो वह चिड़चिड़ा हो सकता है।

## लंबे समय तक रहना है जवां और फिट, तो अपनी डेली डाइट से बाहर करें ये फूड्स

यदि आप अपने शरीर को फिट रखना चाहती हैं, तो आपको अपने शरीर को सही और पौष्टिक भोजन देना होगा। सही डाइट से ही आपका वेट मैनेजमेंट हो सकता है और वर्कआउट करने पर कैलोरी बर्न हो सकती है। हमेशा कम तेल-मसालों से बने घर के खाने को ही प्राथमिकता दें। हालांकि इन दिनों डाइट फूड के नाम पर कई प्रोसेस्ड और डिब्बाबंद फूड मिल रहे हैं। ये शरीर के लिए हानिकारक तो हैं ही, कई स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा करते हैं। फिटनेस फ्रेंडली का टैग लगाने के बावजूद विशेषज्ञ इन फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करने से मना करते हैं। कई ऐसे फूड्स हैं, जो आपके वेट लॉस प्रॉग्राम को चौपट कर सकते हैं। इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों के बारे में जानना बेहद जरूरी है, जो फिटनेस की राह में बाधा बनते हैं।

**तले भुने भोजन :** 'फ्राइड फूड खाने के बाद बहुत अधिक फैट शरीर में चला जाता है। इससे वेट कंट्रोल होने की बजाय बढ़ जाता है। अमेरिका की एक युनिवर्सिटी की स्टडी के अनुसार, भोजन को बहुत अधिक टेम्प्रेचर पर देर तक तलने या फिर टोस्ट को बहुत अधिक ब्राउन करके खाने पर आपको कैंसर होने का जोखिम बना रहता है। इससे स्वास्थ्य की दूसरी कई और समस्याएं हो सकती हैं।

**शुगर :** आप शुगर किसी भी रूप में लें, यह स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। शुगर शिरप, शुगर मैपल शरीर के सिस्टम को डैमेज कर देती हैं। प्रोसेस्ड जूस में मौजूद शुगर शिरप मोटापे की सबसे बड़ी वजह बनती है।पॉयजन कहलाने वाली चीनी हड्डियों में मौजूद कैल्शियम को सोख लेती है, जिससे हड्डियां कमजोर हो जाती हैं।

**ग्लूटेन फूड :** गेहूं, जौ और राई में ग्लूटेन अनसैचुरेटेड प्रोटीन के रूप में मौजद होता है। ग्लूटेन भूख को बढ़ा देता है। कुछ लोग ग्लूटेन सेंसिटिव भी होते हैं। उनकी आंत ग्लूटेन प्रोटीन को अवशोषित नहीं कर पाती है। इससे सीलिएक नामक बीमारी हो जाती है, जो छोटी आंत को प्रभावित करती है।

**डाइट सोडा :** अमेरिका की ह्यूस्टन कंपनी की स्टडी के निष्कर्ष में यह बात सामने आई है कि एंटिऑक्सीडेंट रिच या ग्लूटेन फ्री का लेवल लगा डाइट सोडा किसी भी दृष्टिकोण से स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद नहीं है। इसमें नेचुरल फरुक्टोज और सुक्रोज की तुलना में 100 प्रतिशत अधिक मीठापन होता है।

# सुबह उठने पर कंधे और गर्दन में रहता है दर्द, तों करें ये एक्सरसाइज

कई लोगों को सुबह सोकर उठने के बाद कंधे और गर्दन में दर्द महसूस होता है। ये दर्द इतना तेज होता है कि थोड़ी देर के लिए व्यक्ति बिल्कुल परेशान हो जाता है। इस प्रकार के दर्द का सबसे बड़ा कारण गलत तरीके से सोना और गलत तकिया लेना हो सकता है। इसके अलावा गलत स्लीपिंग पोजिशन के कारण भी आपके कंधे और गर्दन में दर्द की समस्या हो सकती है। इसलिए रात को सोने के दौरान इन बातों का भी खास ध्यान रखें। गलत पोजिशन में सोने के कारण आपको और दूसरी भी परेशानी हो सकती है। अगर आप सोकर उठने के बाद इस दर्द को नजरअंदाज करते हैं, तो इससे आपकी परेशानी और बढ़ सकती है। इससे आपका सोना, उठना-बैठना मुश्किल हो सकता है। इसलिए इस दर्द से तुरंत निजात पाने के लिए आप कुछ आसान एक्सरसाइज और स्ट्रेचिंग कर सकते हैं। जिससे आपके गर्दन और कंधे की मासंपेशियों को काफी आराम मिलता है। प्रतिदिन 15-20 मिनट के लिए ये एक्सरसाइज करने से काफी लाभ मिल सकता है।



### नैक रिलीज

नैक रिलीज एक्सरसाइज से आपके गर्दन और कंधे की मांसपेशियों को काफी आराम मिलता है। इससे दर्द और सूजन में काफी राहत मिल सकती है। आप इसे सोने से पहले या सोकर उठने पर भी कर सकते हैं। इससे गर्दन और कंधे की अकड़न दूर हो सकती है और जलन महसूस नहीं होती है। इसके लिए आप जमीन पर खड़े हो जाएं। फिर सिर को नीचे की ओर झुकाएं। इससे आपको गर्दन के पिछले हिस्से में खिंचाव महसूस होता है। उसके बाद अपनी गर्दन को बाएं कंधे की ओर ले जाएं। इससे आपको गर्दन के दाहिने ओर खिंचाव महसूस होता है। इस मुद्रा में 5 सेकेंड के लिए रूकें। फिर इसी प्रकार गर्दन को दाएं कंधे की ओर ले जाएं। इससे कंधे और गर्दन में खिंचाव आता है और आराम मिलता है।

### शोल्डर रोल

शोल्डर रोल करने से आपको कंधे और गर्दन दर्द में आराम रहता है। इससे हाथों की मांसपेशियों और कंधे की हड्डियों में भी खिंचाव महसूस होता है। सुबह उठकर इस प्रकार की स्ट्रेचिंग करने से आपको काफी आराम मिल सकता है। जब



भी आपको कंधे और गर्दन में दर्द महसूस हो, तो आप ये एक्सरसाइज कर सकते हैं। इस एक्सरसाइज को करने के लिए आप जमीन पर खड़े हो जाएं। फिर अपने दोनों पैरों को एक तय दूरी पर रखें। अपने दोनों हाथों को अपने कंधे पर रखें। सांस अंदर लें और कंधे को गोलाकार में घुमाएं। इस दौरान आपकी पीठ सीधी हो और हाथ भी पूरी तरह से घूमें। दोनों हाथों को एक साथ 15-20 बार घुमाएं।

### आर्म क्रॉस चेस्ट स्ट्रेच

लगातार बैठे रहने से अगर आपके कंधे और गर्दन में दर्द रहता है, तो आप आर्म क्रॉस चेस्ट स्ट्रेच एक्सरसाइज भी कर सकते हैं। इससे कंधे और गर्दन दर्द में काफी आराम मिलता है। इसके लिए आप अपनी रीढ़ की हड्डी सीधा रखते हुए कुर्सी पर आराम से बैठ जाएं। अपने बाएं हाथ को अपनी कोहनी से अपने दाहिने हाथ से पकड़ें और इसे अपने शरीर पर अपनी छाती की ओर खींचे। बाएं कंधे में खिंचाव महसूस करेंगे। इस स्थिति में 5-10 सेकंड के लिए रहें और फिर दूसरे हाथ से ये एक्सरसाइज करें।

## नसों की सूजन कम करने के लिए अजमाएं ये उपाय



स्वस्थ रहने के लिए नसों का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी होता है। नसों को हेल्दी बनाए रखने के लिए उनमें ब्लड सर्कुलेशन का बेहतर होना जरूरी होता है। लेकिन जब नसों में सही तरीके से रक्त प्रवाह नहीं हो पाता है, तो नसों में सूजन होने लगती है। नसों की सूजन, दर्द का कारण भी बन सकती है। यहां तक कि नसों में सूजन होने पर पूरी दिनचर्या तक प्रभावित हो सकती है। ऐसे में लोगों का अकसर सवाल रहता है कि नसों में सूजन को कैसे कम करें? या नसों की सूजन का घरेलू इलाज क्या है? नसों में सूजन कई कारणों की वजह से हो सकते हैं। इसलिए वैसे इसका इलाज करने से पहले कारणों का पता लगाना जरूरी होता है। इसके बाद ही डॉक्टर नसों की सूजन का इलाज करते हैं। लेकिन आप कुछ घरेलू उपायों की मदद से भी नसों की सूजन और दर्द को कम कर सकते हैं। इससे आपको कुछ हद तक आराम मिल सकता है।

**एप्सम साल्ट :** नसों में सूजन को कैसे कम करें? एप्सम साल्ट नसों की सूजन और दर्द को कम करने के लिए एक अच्छा उपाय हो सकता है। एप्सम साल्ट में मैग्नीशियम अधिक मात्रा में होता है, जो नसों की सूजन से राहत दिला सकता है। नसों की सूजन कम करने के लिए आप एक टब गर्म पानी लें। इसमें 2-3 कप एप्सम साल्ट की मिलाएं। फिर इस पानी से नहा लें। अगर पैरों की नसों में सूजन है, तो आप टब में कुछ देर पैरा डालकर भी बैठ सकते हैं। इससे आपको सूजन और दर्द में काफी आराम मिलेगा।

**सिकाई करें :** नसों की सूजन कम करने के लिए सिकाई करना बेहद फायदेमंद हो सकता है। ठंडी और गर्म सिकाई करने से आपको नसों की सूजन और दर्द में काफी राहत मिल सकती है। इसके लिए आपको बारी-बारी से ठंडी और गर्म सिकाई करनी होती है।

एक बार ठंडी सिकाई करें और फिर गर्म सिकाई लगाएं। गर्म सिकाई लगाने से नसों में रक्त का प्रवाह बेहतर होता है। मांसपेशियों की ऐंठन को कम करने में मदद करता है। इसके बाद अगर ठंडी सिकाई की जाती है, तो नसों की सूजन और दर्द को कम करने में मदद मिलती है।

दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026
2009 से स्थापित
सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

भीम प्रज्ञा अलर्ट
'सफलता का रास्ता भाग्य से नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास, सही दिशा और अटूट विश्वास से बनता है।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-132 | झुंझुनू (राजस्थान) | सोमवार, 6 अप्रैल, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है

## व्यक्ति का असली मूल्य-कर्म, चरित्र और सामाजिक योगदान

समाज में अक्सर यह प्रवृत्ति देखी जाती है कि किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसके पद, प्रतिष्ठा, धन-संपत्ति या उसके परिवारिक पृष्ठभूमि के आधार पर किया जाता है। यह एक गहरी सामाजिक भूल है, जो न केवल व्यक्ति की वास्तविक पहचान को धुंधला करती है, बल्कि समाज में असमानता और अहंकार को भी बढ़ावा देती है। सच्चाई यह है कि किसी भी व्यक्ति का वास्तविक मूल्य उसके बाहरी आवरण में नहीं, बल्कि उसके कर्मों, व्यवहार और समाज के प्रति उसके योगदान में निहित होता है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

हर व्यक्ति अपने आप में एक विशिष्ट पहचान लेकर जन्म लेता है। उसकी क्षमताएं, उसका दृष्टिकोण और उसका जीवन जीने का तरीका उसे दूसरों से अलग बनाता है। लेकिन जब समाज उसे केवल उसके पद या आर्थिक स्थिति के आधार पर आंकता है, तब उसकी असली प्रतिभा और मानवीय गुणों की उपेक्षा हो जाती है। यही कारण है कि कई बार बड़े पदों पर बैठे लोग भी समाज में सम्मान खो देते हैं, जबकि साधारण जीवन जीने वाले लोग अपने उत्कृष्ट कर्मों के कारण जनमानस में अमिट छाप छोड़ जाते हैं। हमारे इतिहास और संत परंपरा में भी इस बात को बार-बार रेखांकित किया गया है कि महानता जन्म या पद से नहीं, बल्कि कर्मों से आती है। यदि कोई व्यक्ति ऊंचे पद पर बैठकर अहंकार, भ्रष्टाचार या अन्याय का व्यवहार करता है, तो उसका पद उसके लिए सम्मान का नहीं, बल्कि आलोचना का कारण बन जाता है। इसके विपरीत, यदि कोई साधारण व्यक्ति अपने छोटे से दायरे में भी ईमानदारी, समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करता है, तो वह समाज के लिए प्रेरणा बन जाता है। वास्तव में, कर्म ही व्यक्ति के चरित्र का सच्चा दर्पण होते हैं। शब्दों से नहीं, बल्कि कार्यों से व्यक्ति की पहचान बनती है। एक शिक्षक, किसान, मजदूर या एक छोटा व्यापारी–यदि अपने कार्य को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से करता है, तो उसका योगदान समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। ऐसे लोग भले ही बड़े मंचों पर न दिखें, लेकिन उनकी भूमिका समाज की नींव को मजबूत बनाने में अत्यधिक प्रभावशाली होती है। आज के दौर में, जब भौतिकवाद और दिखावे की संस्कृति तेजी से बढ़ रही है, तब यह और भी आवश्यक हो जाता है कि हम व्यक्ति के मूल्यांकन के मापदंड को बदलें। हमें यह समझना होगा कि बाहरी चमक-दमक अस्थायी होती है, जबकि अच्छे कर्म और सकारात्मक योगदान स्थायी होते हैं। जो व्यक्ति अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाता है, वही सच्चे अर्थों में सम्मान का अधिकारी होता है। समाज के निर्माण में यह भी जरूरी है कि हम केवल व्यक्तियों की पूजा न करें, बल्कि उनके गुणों और विचारों को अपनाएं। यदि हम किसी व्यक्ति के पद या उसकी प्रसिद्धि के कारण उसका सम्मान करते हैं, तो यह सम्मान स्थायी नहीं होता। लेकिन यदि हम उसके कर्मों, उसके संघर्ष और उसके योगदान को समझकर उसका आदर करते हैं, तो यह सम्मान समाज में एक सकारात्मक संदेश देता है। एक न्यायपूर्ण और प्रगतिशील समाज का निर्माण तभी संभव है, जब हम हर व्यक्ति को उसके कर्मों के आधार पर सम्मान दें। इससे न केवल समाज में समानता की भावना विकसित होगी, बल्कि हर व्यक्ति को अपने कार्य के प्रति ईमानदारी और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलेगी। जब समाज में यह सोच विकसित होगी कि 'कर्म ही पहचान है', तब हर व्यक्ति अपने स्तर पर बेहतर बनने का प्रयास करेगा।

**अंततः**, यह कहना उचित होगा कि व्यक्ति का असली मूल्य उसके पद, रूप या कुल में नहीं, बल्कि उसके कर्मों और उसके द्वारा समाज को दिए गए योगदान में निहित होता है। हमें अपने दृष्टिकोण में बदलाव लाते हुए यह स्वीकार करना होगा कि महानता किसी विशेष वर्ग की बपौती नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति का अधिकार है जो अपने कर्मों से समाज को बेहतर बनाने का प्रयास करता है। यही सोच एक सशक्त, समतामूलक और जागरूक समाज की नींव रख सकती है।

## मिशन हरियालो राजस्थानः प्रदेश के सभी जिलों में लगेंगी नमो नर्सरी : सीएम

### मानसून में लगेंगे 10 करोड़ पौधे



भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान को 'हरियालो राजस्थान' बनाना राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। मानसून सीजन में 10 करोड़ पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने वन एवं पर्यावरण अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना बनाकर इस कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। शर्मा शनिवार को सीएमओ में पौधारोपण लक्ष्य, चंदन वन, नमो वन एवं नमो नर्सरी स्थापना को लेकर बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सीएम ने कहा कि मुख्य सचिव पौधरोपण कार्य की मॉनिटरिंग करें। बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण आनंद कुमार शामिल हुए। मुख्य सचिव दिल्ली से ऑनलाइन जुड़े।

#### किसानों को फ्री में दें फलदार पौधे

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत किसानों को निःशुल्क फलदार पौधे उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री उदयपुर, सिरोही एवं बांसवाड़ा में चंदन वन की स्थापना के लिए चिन्हित स्थानों का निरीक्षण कर तारबंदी, ड्रिप सिंचाई जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। रेलवे की जमीनों पर भी लगेंगे पौधे मुख्यमंत्री ने कहा कि पौधरोपण के लिए स्थान चयन में राजस्व विभाग का भी सहयोग लिया जाए। वहीं, रेलवे के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी परिसंपत्तियों में पौधरोपण की कार्ययोजना भी बनाई जाए। प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक नमो नर्सरी स्थापना के कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। मिट्टी की उत्पादकता का ध्यान रखकर पौधरोपण किया जाए।

#### बारिश से पहले बना लें फेंसिंग व खड्डे

विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) से पौधरोपण के कार्य को प्रारंभ कर मानसून सीजन जुलाई, अगस्त व सितम्बर माह में गति प्रदान की जाएगी। सभी विभाग स्थानों का चयन, फेन्सिंग, खड्डे सहित कार्य तय समय से पहले पूरे कर लें।

## एसआई भर्ती-2021 मजाक बन गईः हाईकोर्ट

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने शनिवार को सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती-2021 को रद्द रखते हुए एकलपीठ के फैसले को बरकरार रखा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा और जस्टिस शुभा मेहता ने सरकार, चयनित अभ्यर्थियों और आरपीएससी के तत्कालीन सदस्यों की अपीलों को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। अदालत का विस्तृत फैसला देर रात सामने आया, जिसमें खंडपीठ ने सरकार, आरपीएससी पर गंभीर टिप्पणियां करते हुए विधायिका से भी इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाने की अपील की। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा- राज्य का दायित्व है कि वह निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करे। लेकिन वर्तमान मामले में राज्य यह दायित्व निभाने में विफल रहा है। अदालत ने अपने फैसले में कहा-भर्ती में पेपर लीक एक संगठित और सुनियोजित तंत्र के माध्यम से किया गया। इसमें कई अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र उपलब्ध करवाए गए थे। इस प्रकार चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पूरी तरह प्रभावित हुई। ऐसे में जब चयन प्रक्रिया ही दूषित हो जाए, तो उस पर आधारित किसी भी नियुक्ति को वैध नहीं माना जा सकता है।

## राजस्थान प्रगतिशील संस्थान की नई कार्यकारिणी का गठन, सर्वसम्मति से हुए चुनाव संपन्न

भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।

प्रदेश की अग्रणी सामाजिक संस्था राजस्थान प्रगतिशील संस्थान (मुख्यालय सूरजगढ़, जिला झुंझुनूं) की प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया का आयोजन झुंझुनूं स्थित नावरिया गेस्ट हाउस में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संस्थान के सदस्य उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी पीरामल चावला, सहायक चुनाव अधिकारी डॉ. आत्माराम चेतीवाल एवं रामसिंह नावरिया के निर्देशन में संपन्न हुई। इस दौरान संस्थान के संस्थापक राजेन्द्र प्रसाद चेतीवाल ने उपस्थित सदस्यों को संस्थान के संविधान, उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। चर्चा के पश्चात सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में महेन्द्र चेतीवाल को अध्यक्ष, राधेश्याम बसवाला को महासचिव तथा रामसिंह नावरिया को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से होने पर सदस्यों ने तालियों की गूंज के साथ उनका स्वागत किया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन मंगेजा राम खन्ना द्वारा किया गया। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी विधिवत सदस्यों को अपने विचार रखने का अवसर प्रदान किया, जिससे लोकतांत्रिक परंपराओं का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित हुआ। इस अवसर पर संस्थापक राजेन्द्र प्रसाद चेतीवाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान सदैव निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से कार्य करता रहेगा। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएं तथा संस्थान की नियमावली के अनुरूप कार्य करें। साथ ही उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जो भी सदस्य संस्थान के हितों के विरुद्ध कार्य करेगा या उसकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेगा, उसकी सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान गोरू राम चावला, पूजा चावला, गुलाब सिंह चेतीवाल, रतन लाल, राजकुमार खन्ना, बाबूलाल बुंदेला, हजारीलाल, डॉ. लक्ष्मी नारायण सामरिया, रामस्वरूप खिंची, लालचंद चौहान, नेमीचंद चौहान सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।




#### सामाजिक एकता और विकास पर जोर

बैठक में वक्ताओं ने संस्थान के माध्यम से समाज में शिक्षा, सहयोग एवं विकास की दिशा में कार्य करने पर बल दिया। सभी सदस्यों ने मिलकर संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध- सुभाष बराला

### राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने अपने आवास पर नागरिकों की सुनी समस्याएं

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।



**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रविवार को अपने आवास पर क्षेत्र के नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए तत्परता से कदम उठाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों का कुशलक्षेम जाना। सांसद बराला ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिको की बात को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि समस्याओं का शीघ्र निस्तारण हो सके और लोगों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिले। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। इस अवसर पर सांसद सुभाष बराला ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों, युवाओं, महिलाओं और जरूरतमंद वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। सांसद बराला ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका अधिकतम लाभ उठाएं और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## विवेकानन्द स्कूल के शिक्षक मनोज वर्मा 'राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान' से नवाजे गए

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के लिए मंड्रेला रोड स्थित विवेकानन्द स्कूल के होनहार शिक्षक मनोज वर्मा को राज्य स्तरीय 'पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य उत्कृष्ट अध्यापक सेवा सम्मान' से सम्मानित किया गया है। पिलानी स्थित गायत्री चेतना केंद्र में आयोजित एक भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान मनोज वर्मा को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भेंट किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की और शिक्षक की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में सर्वोपरि बताया।



विवेकानन्द स्कूल के लिए यह गौरव का दोहरा अवसर है। गौरतलब है कि मनोज वर्मा से पहले, वर्ष 2018 में स्कूल के प्रिंसिपल विनोद कुमार सैनी को भी इसी प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा जा चुका है। एक ही संस्थान से दो शिक्षकों का इस स्तर पर सम्मानित होना स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन को दर्शाता है।

मनोज वर्मा की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। इस अवसर पर निदेशक शिवचन्द सैनी, सचिव कोशी सैनी, प्रिंसिपल विनोद कुमार सैनी सहित समस्त स्टाफ ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि मनोज वर्मा जैसे समर्पित शिक्षकों की मेहनत से ही संस्थान आज नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

## झुंझुनूं जिला उपभोक्ता समिति का विस्तार, कवि नगेन्द्र शर्मा को चिड़ावा इकाई की कमान

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

झुंझुनूं जिला उपभोक्ता समिति ने संगठन विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रसिद्ध कवि नगेन्द्र शर्मा को चिड़ावा इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति समिति के जिलाध्यक्ष प्रभुशरण तिवाड़ी द्वारा संगठन प्रभारी कैप्टन शंकर लाल महरानिया की अनुशंसा पर की गई। नियुक्ति के साथ ही नगेन्द्र शर्मा को संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें वार्ड स्तर पर प्रभारी नियुक्त करने तथा नगर कार्यकारिणी का गठन शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। समिति पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि शर्मा अपने साहित्यिक और सामाजिक अनुभव का लाभ संगठन को देंगे तथा उपभोक्ता



अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उनकी नियुक्ति से चिड़ावा क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नगेन्द्र शर्मा की नियुक्ति पर क्षेत्र के कई सामाजिक एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही आशा व्यक्त की है कि वे उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण और जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास करेंगे।समिति का निर्णय को संगठन विस्तार और उपभोक्ता सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## गरीब बेटी मनीषा के 94.60' अंकों से उत्तीर्ण होने पर रामचन्द्र बैरवा ने किया सम्मान, नकद सहयोग देकर बढ़ाया हौसला

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।

**मनोज खंडेलवाल ।** मंडावर उपखंड क्षेत्र के ग्राम पाखर चौड़ाकी की धूल भरी पगडंडियों से उठी एक बेटी ने अपनी मेहनत की चमक से पूरे इलाके को रोशन कर दिया। गरीब किसान सुरेन्द्र बैरवा की पुत्री मनीषा ने राजस्थान बोर्ड के कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग के परीक्षा परिणाम में 94.60 प्रतिशत अंक हासिल कर यह साबित कर दिया कि हालात चाहे जितने भी सीमित क्यों न हों, हौसलों की उड़ान आसमान छू ही लेती है। मनीषा की इस अभूतपूर्व सफलता से परिवार, समाज, विद्यालय और पूरा गांव गौरव की अनुभूति से भर उठा है। सच ही कहा गया है, 'मेहनत का पसीना जब बहता है, तब ही सफलता का फूल खिलता है'। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की सूचना मिलते ही कांग्रेस एससी वर्ग के मंडावर ब्लॉक अध्यक्ष रामचन्द्र बैरवा खुद को रोक नहीं सके और रविवार को सीधे मनीषा के घर पहुंच गए। उनके साथ कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों की पूरी टीम भी मौजूद रही। इस अवसर पर उन्होंने सबसे पहले मनीषा का मुंह मीठा कराकर उसे बधाई दी और उसके परिवार को भी इस सफलता पर सम्मानित किया। भावुक माहौल में उन्होंने मनीषा का उत्साहवर्धन करते हुए मौके पर ही 2100 रुपये नकद राशि भेंट की और आश्वासन दिया कि आगे की पढ़ाई में यदि किसी भी प्रकार की आर्थिक या अन्य बाधा सामने आती है, तो वे हर संभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।



रामचन्द्र बैरवा ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में सीमित संसाधनों के बीच इस स्तर की उपलब्धि हासिल करना किसी मिसाल से कम नहीं है। मनीषा जैसी बेटियां समाज के लिए प्रेरणा की जीती-जागती तस्वीर हैं, जो यह संदेश देती हैं कि 'काबिलियत किसी पहचान की मोहताज नहीं होती, वह खुद अपनी पहचान बना लेती है'। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य इंदिरा देवी, कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार, नन्दलाल लोको पायलट, रेखा देवी, सतीश कुमार वेदवाल, दौलत खेडली, राकेश वेद, काडूराम नागरवाल, दौलतराम, धर्मेंद्र कुमार, राहुल उज्जैनवाल, ताराचन्द्र, संतोष धवन, प्रदीप बैरवा तथा आयुर्वेद नर्सिंग अधिकारी डॉ. राकेश कुमार वेदवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

## कस्बे में निकलेगी आज विशाल भगवा रैली

### भगवा रैली को लेकर मीटिंग आयोजित

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।

**सुमेर मीणा ।** भगवा रैली को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रूपरेखा बनाकर रेली को सफल बनाने का निर्णय लिया है। विशाल भगवा रैली के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ता ने अंतिम रूप देते हुए तहसील संयोजक रण सिंह ,नगर संयोजक सुनील कुमार ,प्रदीप कुमार पूर्व बजरंग दल संयोजक अशोक कुमार, पिंटू स्वामी, राहुल ओला, अमित जांगिड़, मयंक, हिमांशु,राहुल, पीयूष , सुभाष सैनी, मोंटी, कानू आदि थे।



# मुण्डावर में सर्वसमाज प्रतिभा खोज परीक्षा का सफल आयोजन, 140 प्रतिभाओं ने लिया भाग




**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** अम्बेडकर विकास मंच मोलावास की ओर से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मुण्डावर तहसील स्तरीय तृतीय सर्वसमाज प्रतिभा खोज परीक्षा का सफल आयोजन राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोलावास में किया गया। यह परीक्षा विद्यार्थियों के स्तर के अनुसार बनाए गए तीन अलग-अलग समूहों में आयोजित की गई, जिससे सभी प्रतिभागियों को अपनी योग्यता के अनुसार प्रदर्शन करने का अवसर मिला। इस परीक्षा में मुण्डावर तहसील के सर्वसमाज से कुल 140 प्रतिभाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मोलावास निवासी लेखक दीपदीपिका ने बताया कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक नई दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाओं से विद्यार्थियों को अपनी क्षमता को पहचानने का अवसर मिलता है। जालावास ग्राम पंचायत सरपंच अजित यादव ने बताया कि विगत वर्षों से चली आ रही अम्बेडकर विकास मंच की इस पहल से क्षेत्र के विद्यार्थियों को लगातार प्रेरणा मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना और आगे बढ़ने की लगन को भी विकसित करते हैं। उन्होंने मंच के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए इस प्रयास को समाज के लिए बेहद प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर परीक्षा व्यवस्था में सहयोग करने के लिए राकेश मास्टर, जालावास ग्राम पंचायत के सरपंच अजीत यादव, सोमदत्त अहरोदिया . हजारीलाल अहरोदिया व अंबेडकर विकास मंच के सभी सदस्यों उपस्थित रहे।

# 30 साल बाद फिर सजी दोस्ती की महफिल, केवी-2 के पूर्व छात्रों ने साझा किए जीवन अनुभव



**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ीनगर।**

**हर्ष स्वामी ।** केसीसी की केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 के वर्ष 1996 के 10वीं बैच के पूर्व विद्यार्थियों का पुनर्मिलन समारोह जाट धर्मशाला में आयोजित हुआ, जहां वर्षों बाद मिले सहपाठियों ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए और एक-दूसरे को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पूर्व छात्रों ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए सफलता के सूत्र बताए। जयपुर में हिन्दुजा ग्रुप में जनरल मैनेजर नकुल सिंह ने कहा कि जीवन में अंकों से ज्यादा महत्वपूर्ण आगे बढ़ने का जज्बा होता है। वहीं अजमेर के जेएलएन मेडिकल कॉलेज में कार्यरत डॉ. यासीन खान ने कहा कि सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है, चाहे व्यक्ति सामने हो या पर्दे के पीछे। कर्नल शैलेंद्र सिंह ने विद्यालय से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्कूल की यादें और वहां का माहौल आज भी दिल में बसा हुआ है। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र मुंबई से आई ज्योति शर्मा, माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड जयपुर से सत्येंद्र, मंजीता और निदेशक कमल यादव ने भी कहा कि केंद्रीय विद्यालय से मिली शिक्षा ने उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की दिशा दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने दोस्ती के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जीवन में चाहे कितनी भी ऊंचाइयां हासिल कर ली जाएं, पुराने दोस्तों का स्थान कोई नहीं ले सकता। उन्होंने आपसी संबंधों को बनाए रखने और समय-समय पर इस तरह के आयोजनों को जारी रखने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने अपने पुराने विद्यालय का भ्रमण कर कक्षाओं में जाकर बीते दिनों को याद किया। सभी ने इस तरह का पुनर्मिलन कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित करने का निर्णय लिया। समारोह में सुलोचना, सुमन, अंजू यादव, सतीश, सतेंद्र मीणा, सुनील लांबा, रवि प्रकाश, सुमेर जांगिड़, प्रदीप चौधरी, योगेश यादव सहित कई पूर्व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# सिंघाना में सैनी समाज की बैठक, फुले-अंबेडकर वाहन रैली के लिए महिलाओं को किया आमंत्रित






**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

सैनी समाज की महिला जिला अध्यक्ष बबली सैनी के नेतृत्व में नगर पालिका सिंघाना क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बागड़ी बजाज मोटर्स, सिंघाना में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता सिंघाना प्रधान श्रीमती सरला सैनी ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी 11 अप्रैल 2026 को झुंझुनूं में आयोजित होने वाली महात्मा फुले एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर विशाल वाहन रैली एवं पुष्पांजलि सभा के लिए महिलाओं को आमंत्रित करना और उन्हें अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा। बैठक के दौरान बबली सैनी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह रैली सामाजिक एकता, समानता और महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी महिलाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाएं।

कार्यक्रम में माली समाज सहित अन्य समाजों की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और आगामी रैली में शामिल होने के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। महिलाओं में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला, जिससे कार्यक्रम का माहौल प्रेरणादायक बना रहा। अध्यक्षता कर रही सरला सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की प्रगति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और ऐसे आयोजनों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता को और अधिक मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी महिलाओं को एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुल्ताना की पूर्व सरपंच रेखा सैनी, विजय लक्ष्मी, मनीषा, आशा यादव, मधु, कौशल्या, सुनीता, पूनम, कमलेश, माया, निर्मला, पताशी देवी, संतरा, सुगनी देवी, कमला, विमला, लक्ष्मी, धापा देवी, गुड़ो देवी, लाडो देवी सहित अनेक महिलाओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

### महिलाओं की भागीदारी बनी कार्यक्रम की खास पहचान

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति ने यह साबित किया कि समाज में जागरूकता और एकता के प्रति महिलाओं का रुझान लगातार बढ़ रहा है। सभी उपस्थित महिलाओं ने एकजुट होकर 11 अप्रैल को झुंझुनूं में होने वाली वाहन रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# ऐ-सेट एवं रेजोनेट स्कॉलरशिप परीक्षा का परिणाम, मुकुंदगढ़ के तरंग रहे टॉपर, सम्मान स्वरुप मिली साइकिल



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** फतेहपुर बाई पास पर स्थित आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय मंडावा में ऐ-सेट एवं रेजोनेट स्कॉलरशिप परीक्षा का परिणाम आज घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय समिति के कोषाध्यक्ष हरिशंकर राहड़ एवं पूर्व प्रधानाचार्य बीरबल भूरिया मंचासीन रहे। इस दौरान संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि 'आर्थिक समस्या के कारण कोई भी विद्यार्थी अच्छी शिक्षा से वंचित न रहे, यही हमारा उद्देश्य है। स्कॉलरशिप परीक्षाओं के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जाता है।' प्रधानाचार्य श्रवण कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए परीक्षा की प्रक्रिया, चयन मानदंड एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए बताया कि सम्पूर्ण परीक्षा में टॉपर रहे तरंग पुत्र विवेक कुमार, मुकुंदगढ़ रहे जिनको साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं रचित, हिमांशु, प्रिंस खीचड़, ऋषभ जांगिड़, वरुण भार्गव, प्रियांशु, गौरव रिद्धि, नैंसी, वंशिका, अंशुल, प्रवीण, अंश सहारण, दीपिका कुमावत, आयुष कुमार एवं अभिषेक सहित अन्य कक्षा टॉपर्स को स्मार्ट वॉच प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। गोविन्द सोनी ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक बताया।

# झुंझुनूं में कॉलेज गेट बंद होने पर रोने लगे कैंडिडेट्स:एसआई एग्जाम में दो मिनट की देरी में भी नहीं मिली एंट्री, बालों में भी की गई जांच



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) की ओर से रविवार को दो पारियों में आयोजित उप निरीक्षक (SI) भर्ती परीक्षा पुलिस और प्रशसन के लिए भी चुनौती बनी रही। झुंझुनू जिला मुख्यालय के आर आर (मोरारका) गर्वनमेंट कालेज के गेट के बाहर देरी से पहुंचे स्टूडेंट को वहीं पर रोक दिया गया। इस दौरान कैंडिडेट्स रोने भी लगे लेकिन नियमों के चलते किसी को भी एंट्री नहीं दी गई। वहीं एग्जाम सेंटर के बाहर कड़ी सुरक्षा के बीच स्टूडेंट्स को एंट्री दी गई। यहां तक की मेटल डिटेक्टर से बालों तक की जांच की गई। मुरारका कॉलेज के आगे 5 से 6 स्टूडेंट गार्ड से अंदर जाने की गुहार लगा रहे थे लेकिन उन्हें दाखिला नहीं दिया गया।

### 2 मिनट की देरी पर भी नहीं खोले सेंटर के गेट

मोरारका कॉलेज के बाहर सुबह 10 बजे के बाद भी कैंडिडेट्सस भागते-दौड़ते परीक्षा देने पहुंचते दिखे। प्रशासन के सख्त निर्देशों के बाद 10 बजे के बाद परीक्षा केंद्र का मेन गेट बंद कर दिया गया। तय समय से बाद पहुंचे कैंडिडेट्स की मिन्नतों के बाद भी एंट्री नहीं दी गई। एग्जाम सेंटर पर महज दो मिनट देरी से पहुंची साक्षी को सुरक्षाकर्मियों ने एंट्री देने से मना कर दिया। उसने सुरक्षाकर्मियोंसे हाथ जोड़कर एंट्री देने की रिक्वेस्ट की लेकिन गेट नहीं खुला।

ऐसे ही गुढ़ागौड़जी के पंकज पूरी तैयारी के साथ परीक्षा देने आए थे लेकिन सेंटर पर 10:08 बजे पहुंचे। 8 मिनट की इस देरी के चलते उन्हें परीक्षा में नहीं बैठने दिया गया। परीक्षा देने आए निधि और संपत ने आपबीती बताइए कि कैसे वह सिर्फ 10-15 मिनट लेट हुए और उन्हें अंदर जाने की इजाजत नहीं मिली निधि और संपत भी परीक्षा केन्द्र पर 10 मिनट की देरी से पहुंचे थे। वहीं बिसाऊ के संपत प्रजापत भी चंद मिनटों के फासले से परीक्षा नहीं दे सके।गौरतलब है कि प्रशासन के सख्त निर्देश हैं कि तय समय से एक सेकंड की भी ढील नहीं दी जाएगी। परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय पर नहीं पहुंचना मतलब प्रवेश निषेध। दृश्य झुंझुनू के नेतराम कॉलेज का है जहां मेटल डिटेक्टर से छात्रों की जांच की गई यहां तक की लड़कियों के जुड़े भी चेक किए फुल स्लीव्ज पर चली कैंची, आईडी की बारीकी से जांच फर्जी कैंडिडेट्स को परीक्षा में बैठने से रोकने और नकल पर नकेल कसने के लिए इस बार सुरक्षा के और भी ज्यादा पुख्ता इंतजाम किए गए। जिले के सभी 46 केंद्रों पर पुलिस का भारी जाब्ता तैनात रहा। परीक्षा केंद्रों पर ड्रेस कोड को लेकर कोई समझौता नहीं दिखा। प्रशासन ने केंद्रों के बाहर ही कैंची और चाकू का इंतजाम कर रखा था। जो कैंडिडेट्स पूरी बांह की कमीज और सूट पहनकर आए थे कैंची से उनकी आस्तीनें काट दी गईं। गले, हाथों-पांवों में बांधे धागे, गहने, कानों की बालियां और पांव से जूते भी निकलवा लिए गए।कैंडिडेट्स को सेंटर में प्रवेश देने से पहले मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। मूल पहचान पत्र और प्रवेश पत्र का बारीकी से मिलानकिया गया। इतनी सख्ती के बाद ही 'ग्रीन सिग्नल' दिय गया।

### फ्लाइंग टीम लगातार करती रही मुआयना

जिले में परीक्षा केन्द्रों पर नकल रोकने के लिए 8 फ्लाइंग टीमें तैनात की गई थीं। इन टीमों ने लगातार परीक्षा केंद्रों पर कैंडिडेट्स पर नजर रखी ताकि परीक्षा की गोपनीयता बनी रहे।

# चौखानी डबल हवेली में हुआ संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

## राम नाम से वातावरण हुआ गुंजायमान ,उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** पर्यटन नगरी कस्बा मंडावा में चौखानी परिवार के तत्वाधान में शनिवार को प्रभु श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी महाराज की गौरव गाथा का संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शाम 6 बजे मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर आकर्षक ओर भव्य राम दरबार को सजाया गया। इस अवसर पर पांडाल में उपस्थित सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया। कार्यक्रम में भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां भी दी गईं। कार्यक्रम से पूर्व चौखानी परिवार पवन चौखानी रानी चौखानी, प्रवीण चौखानी, रंजीता चौखानी, गिरधारी चौखानी, ऊषा चौखानी, संदीप धानुका, मीना धानुका द्वारा भगवान राम दरबार में दीप जोत प्रज्ज्वलित कर तत्पश्चात फतेहपुर के भक्त मंडली के कलाकारों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंचे ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष अरविंद पारीक, डॉ राकेश कुमार शर्मा, पर्यटन व्यवसायी मधु खेमानी ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। अंत में भव्य आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर बाबूलाल शर्मा, विजय देवड़ा,पूर्व पार्षद गोविंद जोशी, सूर्य प्रकाश लाहौरा, भोलाराम नायक,राजकुमार, मदन लाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर बैठक आयोजित



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** झुंझुनू रोड़ पर तेतरा स्टैंड के पास स्थित दहलीज़ रेस्टोरेंट में आज बैठक आयोजित की गई। बैठक में 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर चर्चा की गई। 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली रैली को लेकर मंडावा, तेतरा, मौजास, टोडरवास, बाजीसर, मीठवास समेत आसपास के गांवों के अंबेडकरवादी इकट्ठा हुए । बैठक में और 14 अप्रैल को नगरपालिका चौक से लेकर बिसाऊ चौराहे स्थित आंबेडकर भवन तक शांतिपूर्ण तरीके भव्य रैली निकालने को लेकर विचार विमर्श हुआ। इस मीटिंग में नथमल चौपड़ा ने अपने विचार भी रखे। इस अवसर पर जीवनराम मीणा, राजेंद्र प्रसाद आर्य, नथमल चौपड़ा, हरदयाल काला, अभय काला, दिनेश काला, पेंटर चंद्रभान आर्य, कपिलदेव आर्य, अमित मीणा, कृष्ण कुमार राठी, सुदर्शन महरिया, अशोक खटनावलिया, अशोक किरोड़ीवाल, प्रवीण खोवाल, मौजास सरपंच मुकेश झाझड़िया, विक्रम नायक सहित लोग मौजूद रहें।

# आर्च कॉलेज ने 26वाँ स्थापना दिवस 'वुमन ईन डिजाइन - आर्टीशनल एक्सीलेन्सी अवार्ड्स' के साथ मनाया




**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर।** आर्च कॉलेज ऑफ डिज़ाइन एंड बिज़नेस ने अपने 26वें स्थापना दिवस को 'वुमन ईन डिजाइन - आर्टीशनल एक्सीलेन्सी अवार्ड्स' कार्यक्रम के साथ मनाया। इस अवसर पर संस्थापक एवं निदेशक अर्चना सुराना ने डिज़ाइन थिंकिंग के माध्यम से महिलाओं और कारीगर समुदायों को सशक्त बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में परंपरा और आधुनिकता को जोड़ते हुए छात्रों द्वारा 'रूट्स 1s रील्स' नाट्य प्रस्तुति और फैशन शो प्रस्तुत किया गया। दो पैनल चर्चाओं के दौरान लकड़ी, जूट, टेराकोटा, ब्लू पॉटरी, हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग, लाख शिल्प सहित विभिन्न शिल्पों से जुड़ी महिला कारीगरों को आर्टीशनल एक्सीलेन्सी अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आशु चौधरी (राजस्थान विश्वविद्यालय) और पद्मिनी कुमारी (रॉयल ट्रेज़र) ने महिला कारीगरों के योगदान की सराहना की। यह कार्यक्रम भारतीय शिल्प विरासत को संरक्षित करते हुए रचनात्मक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

# खेतड़ीनगर पुलिस ने चार माह पुरानी चोरी का आरोपी दबोचा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ीनगर।**

**हर्ष स्वामी ।** केसीसी टाउनशिप में चार माह पूर्व हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और सूचनाओं के आधार पर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर हिरासत में लेकर उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान भी बरामद किया। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि 6 जनवरी को क्वार्टर नंबर E-665 3rd B निवासी अभिजीत स्वामी और क्वार्टर नंबर E-667 3rd B निवासी विपिन कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि अज्ञात व्यक्ति ने रात के समय उनके मकानों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी कावेंद्र सिंह सागर के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने लगातार सूचना संकलन और तकनीकी विश्लेषण करते हुए आरोपी की पहचान की। इसके बाद नारनौल निवासी राहुल, जो वर्तमान में खेतड़ीनगर में रह रहा था, को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की वारदात करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर एक मंगलसूत्र, सोने के टॉप्स, तीन जोड़ी चांदी की पायल, दो चांदी के सिक्के, एक सोने की नथ और एक हजार रुपये नकद बरामद किए। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में भी चोरी के मामलों में लिप्त रह चुका है।कार्रवाई में थानाधिकारी राकेश कुमार के साथ एएसआई विजय कुमार और कांस्टेबल महेश सैनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शाहजहांपुर में भारी वाहन की टक्कर से पुराने भवन का छज्जा टूटा, बड़ा हादसा टला



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** नीमराना उपखंड क्षेत्र के गांव शाहजहांपुर कस्बे के पुराना बस स्टैंड के समीप वाल्मीकि मोहल्ले में देर रात एक भारी वाहन की टक्कर से पुराने भवन का छज्जा टूट गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन पुराना होने के कारण बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। लोकल निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि कस्बे में भारी वाहनों के प्रवेश पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। योगेन्द्र प्रजापति, अनिल बाल्मीकि, मैनू बाल्मीकि, रामोतार प्रजापत, रमेश बाल्मीकि, आनंद मिस्त्री, सोनू और बबली शर्मा सहित अन्य लोगों ने इस संबंध में प्रशासन को सूचित किया है।

# कृषि मंत्री व विधायक राजेन्द्र ने किया समलेटी में जिला अस्पताल का भूमि पूजन और 33/11 केवी जीएसएस का लोकार्पण



भूमि पूजन करते कृषि मंत्री।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** विकास और जनविश्वास का संगम उस समय चरम पर नजर आया, जब महुवा विधानसभा क्षेत्र के समलेटी गांव में जिला चिकित्सालय के नए भवन का भूमि पूजन और 33/11 केवी जीएसएस का लोकार्पण एक साथ सम्पन्न हुआ। 'जब नीयत साफ हो तो विकास खुद रास्ता बना लेता है '–इसी संदेश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र मीना, सरपंच रचना मीणा, पंचायत समिति सदस्य सपना मीणा सहित जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, पंच-पटेलों और हजारों ग्रामीणों की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम स्थल पर जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां ग्रामीणों ने अपने जनप्रतिनिधियों के प्रति सम्मान और विश्वास का अनोखा दृश्य प्रस्तुत करते हुए डॉ. किरोड़ी लाल मीणा और विधायक राजेंद्र मीणा का चांदी का मुकुट पहनाकर, जेसीबी मशीनों से पुष्प वर्षा कर और भव्य कलश यात्रा निकालकर जोरदार स्वागत किया। यह दृश्य मानो 'जनता का प्यार और विकास का उत्सव एक साथ साकार हो उठा हो। ' इस अवसर पर विधायक राजेंद्र मीणा ने बताया कि समलेटी में जिला अस्पताल का भूमि पूजन, 33/11 केवी जीएसएस का लोकार्पण और साथ ही सुड्डा दंगल, कन्हैया दंगल व ढांचा दंगल जैसे सांस्कृतिक आयोजनों ने इस कार्यक्रम को बहुआयामी बना दिया, जिसमें पूरे क्षेत्र के गांवों से आए लोगों की सहभागिता ने इसे जनआस्था और विकास का संगम बना दिया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही सबसे बड़ी ताकत है और यही विश्वास क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि क्षेत्र के विकास में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व में नकली खाद और बीज की समस्या को उन्होंने स्वयं फील्ड में जाकर फैक्ट्रियों पर छापेमारी कर नियंत्रित किया, जिसके चलते अब सरकार ऐसे मामलों में सख्त कानून बनाकर कठोर कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग उनके पास होने के कारण किसी भी आपदा की स्थिति में क्षेत्रवासियों को हरसंभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने भावुक होकर कहा कि जनता द्वारा किया गया सम्मान उनके लिए अविस्मरणीय है और 'मैं जो कुछ भी हूं, वह आप सबकी बदौलत हूं।' उन्होंने आगे कहा कि जिला चिकित्सालय और नया पावर हाउस महुवा क्षेत्र के स्वास्थ्य और विद्युत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे, वहीं दो दिवसीय दंगल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां कलाकारों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में फौजी बाबा आश्रम समलेटी के संत हरि किशन दास महाराज, रामलखन दास महाराज सहित कई संत-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसने आयोजन को और अधिक गरिमा प्रदान की।

# पिलानी विधानसभा को पानी के लिए 212.46 लाख रुपए की ऐतिहासिक सौगात

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।**



जभिजापा नेता राजेश दहिया ने बताया की विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों, पिलानी शहर व चिड़ावा शहर को पानी के लिए 212.46 लाख रुपए की स्वीकृति जारी हुई है। दहिया ने बताया की हमारी डबल इंजन सरकार सेवा, समर्पण और विकाश के लिए प्रतिबद्ध है। इस ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए दहिया ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व जलदाय मंत्री कन्हैया लाल जी का आभार जताया। इस स्वीकृत राशि से पम्प सेट , पैनल बोर्ड , जीआई पाइप, केबल आदि के रिप्लेसमेंट के लिए पिलानी शहर में 30.08 लाख रुपए, चिड़ावा शहर में 30 लाख रुपए व ग्रामीण इलाकों (झेरली में 3.01 लाख रुपए, देवरोड़ में 4.85 लाख रुपए, लिखवा में 2.02 लाख रुपए, पीपली में 3.87 लाख रुपए, खुडानिया में 10.69 लाख रुपए, हमीनपुर में 3.66 लाख रुपए, बनगोठड़ी खुर्द में 2.01 लाख रुपए, बनगोठड़ी कलां में 2.01 लाख रुपए, बास तोखा में 1.91 लाख रुपए, जीनी में 1.69 लाख रुपए, कुलहरियों का बास में 4.01 लाख रुपए, डूलानिया में 2.02 लाख रुपए, ढंढारिया में 2.92 लाख रुपए, दुदवा में 2.54 लाख रुपए, सुजडोला में 2.45 लाख रुपए, रायला का बास में 0.32 लाख रुपए, अरडावता में 7.51 लाख रुपए, मंड्रेला में 7.68 लाख रुपए, अड़ूका में 3.71 लाख रुपए, नरहड़ में 8.86 लाख रुपए, ओजटू में 4.65 लाख रुपए, बख्तावरपुरा में 9.79 लाख रुपए) में रिप्लेसमेंट आदि का कार्य किया जाएगा।

साथ ही चिड़ावा व पिलानी शहर में गर्मी की अधिकता को देखते हुए सड़क मार्ग से जल परिवहन हेतु 4 महीनों अप्रैल से जुलाई तक पेयजल हेतु चिड़ावा शहर को 15.26 लाख रुपए व पिलानी शहर को 44.94 लाख रुपए की विशेष स्वीकृतियां जारी की गई है।

# पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस का थाना शहर टोहाना, सदर टोहाना व सीआईए टोहाना का औचक निरीक्षण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**जविजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस ने जिला पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से टोहाना क्षेत्र की विभिन्न पुलिस इकाइयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना शहर टोहाना, थाना सदर टोहाना तथा सीआईए टोहाना का क्रमवार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत थाना शहर टोहाना से की गई, जहां थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए रिकॉर्ड रजिस्टर, रोजनामचा, लंबित मामलों, शिकायतों के निस्तारण तथा दस्तावेजों के रख-रखाव की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अभिलेख अपडेट व सुव्यवस्थित होने चाहिए तथा प्रत्येक मामले में पारदर्शिता और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, ड्यूटी व्यवस्था और कर्मचारियों की उपस्थिति का भी जायजा लिया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक थाना सदर टोहाना पहुंचीं, जहां थाना प्रभारी निरीक्षक शादी राम ने उनका स्वागत कर थाना की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से मालखाना का निरीक्षण किया और जब्त संपत्ति के सुरक्षित रख-रखाव, उचित रिकॉर्डिंग तथा समय पर निपटान के संबंध में सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मालखाना प्रबंधन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए जांच अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का निष्पक्ष व शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक सीआईए टोहाना पहुंचीं, जहां प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार मौजूद रहे। उन्होंने सीआईए यूनिट की कार्यप्रणाली, अपराध नियंत्रण से संबंधित कार्रवाई, विशेष अभियानों तथा चल रहे मामलों की प्रगति की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने टीम को निर्देश दिए कि संगठित अपराध, चोरी, लूट व अन्य गंभीर मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द काबू किया जाए तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। निरीक्षण के दौरान डीएसपी टोहाना श्री जय भगवान भी मौजूद रहे और उन्होंने संबंधित इकाइयों की गतिविधियों के बारे में पुलिस अधीक्षक को विस्तृत जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अनुशासन बनाए रखने, ड्यूटी के प्रति पूर्ण निष्ठा रखने तथा कार्य में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना पुलिस की पहली जिम्मेदारी है। थाना में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ सौम्य, संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों का त्वरित व निष्पक्ष निपटान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहनी चाहिए ताकि आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देशित किया कि सभी इकाइयां आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और सूचना तंत्र को मजबूत बनाएं, ताकि अपराधों की रोकथाम में और अधिक सफलता प्राप्त की जा सके। उन्होंने कहा कि नियमित निरीक्षण, प्रभावी निगरानी और जवाबदेही तय करने से ही पुलिस व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। जिला पुलिस द्वारा इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे, ताकि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखते हुए अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके तथा आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके।

# फतेहाबाद के थाना सदर रतिया पुलिस का सघन तलाशी अभियान : नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## डॉग स्क्वॉड व कमांडो टीम के साथ पूरे क्षेत्र में व्यापक चेकिंग

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद/रतिया।**



**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ लगातार सख्त एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना सदर रतिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों की रोकथाम को लेकर सघन तलाशी अभियान चलाया गया।यह अभियान थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें डॉग स्क्वॉड तथा कमांडो टीम का विशेष सहयोग लिया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नशा तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करना तथा आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को मजबूत करना रहा। तलाशी अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों, सार्वजनिक स्थलों, गली-मोहल्लों, संदिग्ध ठिकानों व मुख्य मार्गों पर गहन जांच की गई। डॉग स्क्वॉड की सहायता से संभावित स्थानों को बारीकी से खंगाला गया, वहीं कमांडो टीम द्वारा पूरे क्षेत्र में सतर्क निगरानी रखी गई। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया तथा नशे से दूर रहने की अपील की। साथ ही आमजन से यह भी आग्रह किया गया कि नशा तस्करी से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत पुलिस के साथ साझा करें। जिला पुलिस द्वारा इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे, ताकि नशा मुक्त समाज के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

### अवैध शराब सहित आरोपी काबू : थाना शहर टोहाना पुलिस की कार्रवाई

# बिना लाइसेंस 15 बोतल देशी शराब बरामद, आरोपी को किया जाएगा न्यायालय में पेश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**विजय रंगा ( ब्यूरो चीफ) ।** पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को अवैध शराब सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व अपराध जांच के दौरान टोहाना से गांव दमकौरा जाने वाली नहर पटरी रोड, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में प्लास्टिक कट्टा लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 15 बोतल देशी शराब (मार्का शाही) बरामद हुई।आरोपी की पहचान विक्रम सिंह उर्फ विक्की पुत्र रणधीर सिंह निवासी गांव खरड़वाल, जिला जींद हाल ईदगाह कॉलोनी टोहाना के रूप में हुई। आरोपी से शराब रखने का लाइसेंस या परमिट मांगा गया, जो वह प्रस्तुत नहीं कर सका। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 96 दिनांक 04.04.2026 धारा 61-4-20 एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा तथा मामले की जांच जारी है।

# मंडावर में लंबे इंतजार के बाद पालिका का कचरा संकट पर प्रहार

## मंडावर में 50 कचरा पात्र आये, 30 स्थानों पर रखवाने से बदली शहर की सूरत।




शहर के गाँधी चौक पर रखवाया गया कचरा संग्रहण पात्र।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** 'जहाँ स्वच्छता, वहाँ स्वस्थता '–इसी संकल्प को जमीन पर उतारते हुए मंडावर नगरपालिका प्रशासन ने लम्बे समय से चली आ रही कचरा निस्तारण की समस्या पर ठोस कार्रवाई की है। क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र मीना के निर्देशों पर नगरपालिका ने शहर में कचरा संग्रहण की सुव्यवस्थित व्यवस्था शुरू करते हुए कुल 50 कचरा पात्र मंगवाए हैं, जिनमें से करीब 30 स्थानों पर पात्र स्थापित कर दिए गए हैं। लंबे समय से कचरे के ढेर और बदबू से जूझ रहे मोहल्लों को अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है, मानो 'धूल भरे आईने पर किसी ने साफ पानी का छींटा मार दिया हो। ' नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता और शहर की सुंदरता बनाए रखने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है, जिसमें शहर के चिन्हित कचरा संग्रहण स्थलों पर कचरा पात्र रखवाए जा रहे हैं। बेटी चौक, नया बस स्टैंड, भूडा मोड़ सर्किल, गांधी चौक, सब्जी मंडी गढ़ रोड, एसबीआई बैंक के पास, थोबड़ी सर्किल, निर्गुण मंदिर, सरकारी लाइब्रेरी, कपड़ा मार्केट, सीएचसी परिसर, किले वाले हनुमान मंदिर, पेच स्कूल, लच्छीदास महाराज मंदिर, जीप स्टैंड, करणबास, सायपुर पाखर चौराहा, जैन कॉलोनी, नेहरू स्कूल क्षेत्र, इमली मोहल्ला, बैराडा कुआं, जैतपुर, अनाज मंडी, सुनार कॉलोनी, सूर्यनगर, सेठी पेट्रोल पंप, अजय नगर, पुराना गढ़ी मोड़, उपखंड कार्यालय व आदर्श कॉलोनी सहित कई प्रमुख स्थानों पर कचरा पात्र स्थापित किए जा चुके हैं। प्रशासन का कहना है कि शेष स्थानों पर भी मांग और आवश्यकता के अनुसार शीघ्र ही कचरा पात्र रखवाए जाएंगे, जिससे पूरे नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि पात्र भरने से पहले ही नियमित रूप से कचरे का उठाव हो, ताकि कहीं भी दुर्गंध या गंदगी की स्थिति उत्पन्न न हो। पालिका प्रशासन ने आमजन से अपील करते हुए स्पष्ट किया है कि कचरा केवल निर्धारित पात्रों में ही डाला जाए और इधर-उधर फेंकने से बचा जाए, क्योंकि 'एक कदम नागरिक बढ़ाए, तभी शहर साफ-सुथरा कहलाए।' यह पहल केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि जनसहभागिता से जुड़ा एक सामाजिक अभियान है, जिसमें हर नागरिक की भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी किसी अधिकारी की। वर्षों से चली आ रही समस्या पर यह कार्रवाई प्रशासन की जवाबदेही और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता का संकेत देती है। यदि इसी प्रकार निगरानी और जनसहयोग बना रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब मंडावर स्वच्छता के मानकों पर एक नई मिसाल बनकर उभरेगा– 'जहाँ हर गली कहे, अब गंदगी नहीं, सिर्फ साफ सवेरे की कहानी है। '

# नरवाना हल्का के गांव सुलहैड़ा में धानक समाज की जागरूक मीटिंग हुई सम्पन्न

## धानक समाज के वरिष्ठ नेता अनूप सोलंकी डांगरा व नरवाना के प्रधान सोनू खटक ने हिटिंग की अध्यक्षता की

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नरवाना? /टोहाना।**



**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** गांव सुलेहड़ा मीटिंग में विभिन्न गांव के प्रतिनिधियों ने भाग लिया मीटिंग की अध्यक्षता हल्का नरवाना के प्रधान सोनू खटक ने की और मुख्य वक्ता के रूप में टोहाना धानक समाज के संरक्षक अनूप डांगरा व धानक समाज के प्रधान सतपाल नागली उपस्थित रहे सभी वक्ताओं ने बच्चों को पढ़ने पर जोर दिया कि अपने-अपने बच्चों को पढ़ाये उन्हें अच्छी शिक्षा दें और समाज में एक एकता बनाए रखें इस अवसर पर विभिन्न गांव के प्रतिनिधियों ने भाग लिया काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रही सभी वक्ताओं ने मुद्दों पर जिक्र करते हुए कहा कि धनक समाज को नरवाना में धर्मशाला के नाम जगह होनी चाहिए जिससे वहां पूरे नरवाना हलके के लोग बैठकर विचार विमर्श कर सके धानक समाज के पास नरवाना में कोई भी सामूहिक जगह नहीं है सभी समाज के व्यक्तियों ने जगह की मांग की और समाज के बारे में विचार विमर्श किया ताराचंद,डॉक्टर सेवा सिंह,रामनिवास उप प्रधान, बनारसी सचिव, बिजेंदर राजगढ़ डोबी, सत्यवान, सुखदेव धमतान साहिब, रविंद्र कालवन, किताब खंगवाल आदि सदस्यों ने भाग लिया।

# मानोता खुर्द में 7 अप्रैल को बाबा कालश महाराज मेला महोत्सव, 6 अप्रैल को जागरण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ीनगर।**

**हर्ष स्वामी ।** ग्राम मानोता खुर्द में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा कालश महाराज का मेला महोत्सव एवं जागरण का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह बना हुआ है। आयोजकों के अनुसार 6 अप्रैल 2026 को रात 8 बजे से बाबा का भव्य जागरण आयोजित होगा, जिसमें भजन पार्टी कलाकार महेश मारसी (मुसनोता) एंड डांस पार्टी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं 7 अप्रैल 2026, मंगलवार को मेला महोत्सव आयोजित किया जाएगा। मेले के तहत दोपहर 3 बजे से कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें 100 रुपये से लेकर 21 हजार रुपये तक की कुश्तियां करवाई जाएंगी। कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन बाबा कालश मंदिर निर्माण संघ द्वारा किया जाएगा।

# टोहाना में फतेहाबाद पुलिस अधीक्षक का औचक निरीक्षण में विपिन मिर्च वाला ने पुलिस विभाग की तीसरी आंख बनने की लगाई गुहार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** टोहाना में कल रविवार को छुट्टी के दिन नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक महोदया ने टोहाना के दोनों पुलिस थानों व सीआई ए के संस्थानों पर औचक निरीक्षण किया। थाना शहर , थाना सदर, सीआईए के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों की कार्य शैली का बारिकी से निरिक्षण किया तथा सभी दस्तावेजों का भी स्वयं बड़ी बारिकी से जांच कर उपस्थित सभी अधिकारियों को हिदायत दी कि सभी आगंतुको की समय रहते सुनवाई होनी सुनिश्चित करें तथा पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने मौके पर उपस्थित आमजन की भी शिकायत व सुझाव सुने इसी बीच मौके पर खड़े समाज सेवी व टोहाना के व्यापारी विपिन मिर्च वाला ने पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने अपनी कार में बैठते हुए उनकी मांग पर हामी भर आश्वासन दिया पुलिस अधीक्षक महोदया के हामी भरते आश्वासन से टोहाना के समाज सेवी व मिर्च व्यापारी विपिन कुमार भी पूरी तरह से संतुष्ट हुए। विदित रहे विपिन कुमार मिर्च वाला समय समय पर टोहाना में फ़ैल रहे नशा प्रवृत्ति व भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस व कुछ असामाजिक तत्वों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ने का काम किया है। आज विपिन कुमार मिर्च वाला की एसपी महोदया से मिटींग टोहाना शहर में भी चर्चा का विषय बनी रही।

# घर में चोरी के मामले का खुलासा : थाना जाखल पुलिस ने आरोपी को किया काबू

## सोने-चांदी के जेवरात व नगदी सहित करीब 3.51 लाख रुपये का सामान बरामद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना/जाखल।**




**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना जाखल पुलिस ने घर में हुई चोरी के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि दिनांक 04.04.2026 को शिकायतकर्ता कृष्ण चंद पुत्र मोती राम निवासी ब्यास कॉलोनी, जाखल मंडी ने शिकायत दी थी कि 01.04.2026 को उनका परिवार घर से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर सोने की बालियां, सोने की दो छापें, लगभग 2 तोले का सोने का सेट, करीब 7 तोले चांदी के जेवर तथा लगभग 28,000 रुपये नगद चोरी कर लिए। शिकायत के आधार पर थाना जाखल में अभियोग संख्या 40 दिनांक 04.04.2026 धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी सौरभ उर्फ रजत पुत्र इंदर पाल निवासी वार्ड नंबर 10, जाखल को काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 1,500 रुपये नकद, 20 ग्राम सोने की चेन, 70 ग्राम चांदी की पायल, सोने के झुमके व अंगूठियां बरामद की गई हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 3,51,500 रुपये आंकी गई है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा तथा मामले में आगे की जांच जारी है।

# LBS स्कूल में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन,

## ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला नया मंच







भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।

क्षेत्र के प्रतिष्ठित एलबीएस इंटरनेशनल स्कूल, पचेरी बड़ी में रविवार को स्कॉलरशिप परीक्षा का भव्य आयोजन किया गया। इस परीक्षा में पचेरी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।विद्यालय के डायरेक्टर सुरेश कुमार जांगिड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्कॉलरशिप परीक्षा का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि कई बार योग्य छात्र आर्थिक अभाव के कारण अच्छी शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते, ऐसे में यह परीक्षा उनके लिए एक सुनहरा अवसर साबित होती है। इस माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलता है और योग्य छात्रों को विद्यालय द्वारा स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है।

प्रबंधक डायरेक्टर अतुल कुमार जांगिड़ ने बताया कि इस स्कॉलरशिप टेस्ट में किसी भी विद्यालय या संस्था में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई। जो विद्यार्थी अपनी काबिलियत के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, उन्हें विद्यालय की ओर से निशुल्क या रियायती शिक्षा प्रदान की जाती है, जिससे वे बिना आर्थिक बोझ के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। एकेडमिक डायरेक्टर राधा देवी ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा इस प्रकार की प्रतियोगिताएं प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती हैं। इससे न केवल विद्यार्थियों को लाभ मिलता है, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप के माध्यम से प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी पढ़ाई के प्रति अधिक गंभीर रहते हैं और बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देकर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करते हैं। इस आयोजन के दौरान विद्यालय स्टाफ द्वारा परीक्षा की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से संभाली गईं। विद्यार्थियों के बैठने, प्रश्नपत्र वितरण और परीक्षा संचालन की पूरी प्रक्रिया अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा समाप्त होने के बाद अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की और इसे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।स्कॉलरशिप परीक्षा के माध्यम से जहां एक ओर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर मिला, वहीं दूसरी ओर शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करने की दिशा में विद्यालय का यह प्रयास सराहनीय माना जा रहा है।

# अभी मुंबई-दिल्ली-जयपुर-बेंगलुरु व हैदराबाद की रोज 14 उड़ाने

### केंद्र ने एयरलाइंस को सब्सिडी की अवधि बढ़ाई, इंदौर-भोपाल-अहमदाबाद-पुणे फिर जुड़ने की आस



भीम प्रज्ञा न्यूज

**उदयपुर** । उदयपुर की हवाई कनेक्टिविटी को लेकर अब नई उम्मीद जगी है। केंद्र सरकार की संशोधित उड़ान योजना में वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) की अवधि 3 साल से बढ़ाकर 5 साल कर दी गई है। इससे एयरलाइंस कंपनियां की ओर से इंदौर, भोपाल, अहमदाबाद और पुणे जैसे हाई-डिमांड रूट्स पर फिर से उड़ान शुरू होने की संभावना मजबूत हुई है। लंबे समय तक मिलने वाली सब्सिडी एयरलाइंस के लिए जोखिम कम करेगी और मेवाड़ को फिर से बेहतर हवाई नेटवर्क से जोड़ सकती है। केंद्र सरकार की यह पहल उदयपुर के पर्यटन और मार्बल उद्योग के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। यदि राज्य सरकार चैलेंज मोड के तहत इन बंद रूट्स की डिमांड केंद्र को भेजती है तो इन रूट्स को प्राथमिकता मिल सकती है। एविएशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि बड़े विमान और किफायती किराया मॉडल के साथ इन रूट्स पर पैसेंजर लोड और बढ़ सकता है। पहले से ही इन रूट्स पर करीब 80 फीसदी सीटें भरी जा रही थीं। जो इनके व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य होने का संकेत है। सांसद डॉ. मन्नालाल रावत सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी लगातार इन फ्लाइट्स को बहाल करने की मांग कर रहे हैं, जिससे केंद्र स्तर पर इस दिशा में पहल क्ह्यी संभावना और मजबूत हो गई है।

# अम्बेडकर-फुले जयंती को लेकर सर्व समाज एकता मंच सक्रिय, पोस्टर का भव्य विमोचन




भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।

सर्व समाज एकता मंच द्वारा रैगर समाज समिति अम्बेडकर कॉम्प्लेक्स झुन्झुन में रविवार को 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली अम्बेडकर-फुले जयंती के उपलक्ष्य मे विशाल वाहन रेली के पोस्टर का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मंच के प्रमुख लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही और आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मंच के संयोजक प्रदीप चन्देल ने संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचार आज भी समाज को दिशा देने का काम कर रहे हैं। 14 अप्रैल को होने वाली यह रैली सामाजिक जागरूकता और एकता का सशक्त माध्यम बनेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश बजाड़ ने की। इस दौरान समाज के गणमान्य लोगों ने एकजुट होकर 14 अप्रैल बाबा साहब की जयंती पर वाहन रेली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। सुभाष डीग्रवाल ने बताया की रेली 14 अप्रैल को गाँधी चौक झुन्झुनू से शाम 4 बजे से रवाना होकर शहर के मुख्ये मार्ग होते हुए अंबेडकर पार्क पहुचेगी।

विमोचन कार्यक्रम में बसंत वाल्मीकी, शम्भू दयाल नेहरा, मनोहर बाकोलिया, एडवोकेट धर्मपाल बंशीवाल, प्रहलाद बाकोलिया, पवन नेहरा, राजेश चावला एवं रवि नावरिया,कुलदीप सिंह सहित अनेक समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, जागरूकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। अंत में सभी ने 14 अप्रैल को आयोजित जिला स्तरीय वाहन रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की।

# ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष व युवा अध्यक्ष ने किया सर्व सहमति से किया कार्यकारिणी का गठन

## समाज की एकता ही असली ताकत, भूल-चूक पर भाई- बेटा समझकर करना माफ' – संतोष महंत



भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।

**मनोज खंडेलवाल** । आस्था, संगठन और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण बनते हुए मंडावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव को इस बार ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारियां तेज हो गई हैं। महावीर नगर स्थित परशुराम मंदिर परिसर में रविवार शाम आयोजित ब्राह्मण समाज की बैठक में जहां नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया, वहीं आगामी 10 मई 2026 को भव्य शोभायात्रा निकालकर जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष संतोष महंत ने की, जिसमें समाज के वरिष्ठ व युवा वर्ग की उल्लेखनीय उपस्थिति रही और पूरे वातावरण में उत्साह व एकजुटता साफ झलकती नजर आई। बैठक में संतोष महंत एवं युवा अध्यक्ष अवधेश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकारिणी का गठन करते हुए समाज के विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जिसमें मुकेश गौड़, डॉ. संदीप और राजेंद्र शर्मा को उपाध्यक्ष, उमेश हल्दैनिया को सचिव, पवन जोशी को कोषाध्यक्ष, मोहनलाल शर्मा को संयोजक, शिवदत्त जैमिनी को प्रवक्ता, उमेश भीखाहेड़ी को सह-प्रवक्ता, राकेश पटेल को मीडिया प्रभारी, नवीन तिवाड़ी को मंत्री तथा जगदीश तिवारी को आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया। इसके साथ ही वीरेंद्र शर्मा, राजेश धौलपुरिया, ब्रजेश जोशी, दिनेश शर्मा, मनीष जोशी, जयप्रकाश शर्मा और रिंकू हल्दैनिया को सदस्य बनाया गया, जबकि ब्रजमोहन दास शर्मा, एमडी शर्मा, डॉ. अजय शर्मा, बाबूलाल शर्मा सहित सभी पूर्व अध्यक्षों को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। युवा कार्यकारिणी में मनु शर्मा व जय शर्मा को उपाध्यक्ष, कुनाल शर्मा को मीडिया प्रभारी तथा अंकुश शर्मा को व्यवस्थापक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष संतोष महंत ने अपने संबोधन में समाज की एकता को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि समाज की मजबूती ही उसकी असली पहचान होती है और यदि कभी आपसी व्यवहार में कोई भूल-चूक हो जाए तो उसे दिल से न लगाते हुए एक-दूसरे को बेटा और भाई समझकर क्षमा करना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि सभी लोग मिलकर समाज को संगठित रखें और विकास की राह पर आगे बढ़ाएं, क्योंकि 'एकता की डोर जब मजबूत होती है, तो हर मुश्किल अपने आप छोटी हो जाती है।' बैठक में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि 10 मई को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भव्य शोभायात्रा के साथ मनाया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने प्रत्येक परिवार से आग्रह किया कि वे इस आयोजन की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं और अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि यह आयोजन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो सके। 'जब नीयत साफ और इरादे मजबूत हों, तो कारवां खुद रास्ता बना लेता है '–इसी विश्वास के साथ मंडावर का ब्राह्मण समाज अब एक नए उत्साह और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ता नजर आ रहा है।

# माँ कर्मा बाई जयंती पर मंडावर में उमड़ा जनसैलाब, भव्य कलश यात्रा से गूंजा शहर

## मंडावर सहित गढ हिम्मतसिंह के साहू समाज के लोगो ने संयुक्त रूप से मनाई जयंती



भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।

**मनोज खंडेलवाल** । श्रद्धा, संस्कृति और सामाजिक एकजुटता का अद्भुत दृश्य उस समय देखने को मिला, जब साहू समाज गढ़ हिम्मतसिंह सहित मंडावर के तत्वावधान में माँ कर्मा बाई की 1010वीं जयंती पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाई गई। 'जहाँ आस्था की ज्योति जलती है, वहाँ समाज खुद रोशनी बन जाता है '–इसी भावना के साथ रविवार को आयोजित कार्यक्रम में भव्य कलश शोभायात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतिभा सम्मान समारोह ने पूरे शहर को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अजय नगर में समाज अध्यक्ष विष्णु साहू द्वारा माँ कर्मा बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ। इसके बाद पुराने बस स्टैंड से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण किए श्रद्धा के साथ शामिल हुईं, वहीं समाज के युवक-युवतियां बैंड-बाजों और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे। शोभायात्रा मिस्त्री मार्केट, कपड़ा मार्केट, तहसील रोड, गांधी चौक और महावीर नगर होते हुए निर्गुण महाराज मंदिर पहुंची, जहाँ हर मोड़ पर श्रद्धा और उत्साह का समंदर उमड़ता नजर आया। यात्रा के दौरान सामाजिक समरसता की भी मिसाल देखने को मिली, जब स्टेट बैंक के पास ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष महंत ने साहू समाज के पदाधिकारियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों और सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर हो गया। 'रंगों से नहीं, रिश्तों से सजता है समाज '–इस दृश्य ने यही संदेश दिया। शोभायात्रा के समापन पर निर्गुण महाराज मंदिर में माँ कर्मा बाई की सामूहिक आरती की गई, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। बाहर से आए कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में मध्यप्रदेश से पधारे विशिष्ट अतिथि रितेश कुमार शाह, राजस्थान तेली पिछड़ा वैश्य महासभा के अध्यक्ष रूद्र प्रताप साहू, अल्का पंचोली, गोविंद साहू और महेश साहू सहित कई गणमान्य अतिथियों का सम्मान किया गया। क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र मीना व्यस्तता के चलते कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके, ऐसे में विशिष्ट अतिथि रितेश साहू के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर समाज अध्यक्ष विष्णु साहू, संयोजक पप्पू साहू, महासचिव प्रवीण साहू और कोषाध्यक्ष महेश साहू सहित पूरी कार्यकारिणी ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ। मंडावर में आयोजित यह आयोजन केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक भागीदारी का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा, जिसने यह संदेश दिया कि 'जब समाज एक मंच पर आता है, तो हर उत्सव इतिहास बन जाता है।'

# आईपीएल में राजस्थानी भाषा की अनदेखी, दर्शकों में बढ़ी नाराजगी



भीम प्रज्ञा विशेष सर्च रिपोर्ट।

**नवीन कुमार** । देश में इन दिनों आईपीएल का रोमांच चरम पर है। हर मैच के साथ क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। आईपीएल प्रसारण में दर्शकों को हिंदी, अंग्रेजी, हरियाणवी, पंजाबी और भोजपुरी जैसी विभिन्न भाषाओं में कमेंट्री सुनने का विकल्प दिया जा रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि राजस्थानी जैसी समृद्ध और व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा को अब तक इसमें शामिल नहीं किया गया है। राजस्थान के लाखों क्रिकेट प्रेमी हर साल आईपीएल का बेसब्री से इंतजार करते हैं और बड़ी संख्या में मैच देखते हैं। बावजूद इसके, उन्हें अपनी मातृभाषा राजस्थानी में कमेंट्री सुनने का विकल्प नहीं मिल पाना एक बड़ा सवाल खड़ा करता है।

### दर्शकों में बढ़ रही मांग

राजस्थान के दर्शकों का कहना है कि जब अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को महत्व दिया जा सकता है, तो राजस्थानी को क्यों नहीं। सोशल मीडिया पर भी कई यूजर्स इस मुद्दे को उठा रहे हैं और आईपीएल आयोजकों से राजस्थानी भाषा में कमेंट्री शुरू करने की मांग कर रहे हैं।

### संस्कृति और पहचान से जुड़ा मुद्दा

विशेषज्ञों के अनुसार, भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि संस्कृति और पहचान का प्रतीक भी होती है। आईपीएल जैसे बड़े मंच पर राजस्थानी भाषा को स्थान मिलने से न केवल दर्शकों का जुड़ाव बढ़ेगा बल्कि प्रदेश की संस्कृति को भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।

### आयोजकों से उठी अपील

राजस्थान के खेल प्रेमियों और सामाजिक संगठनों ने आईपीएल आयोजकों से मांग की है कि आने वाले सीजन में राजस्थानी भाषा को भी कमेंट्री विकल्प में शामिल किया जाए। इससे न केवल दर्शकों की संख्या बढ़ेगी बल्कि क्षेत्रीय भाषाओं को भी समान सम्मान मिलेगा। लेकिन हाल ही चल रहें आईपीएल मैच में राजस्थानी भाषा नहीं सुनने को मिल रही है।आईपीएल देश की सबसे लोकप्रिय क्रिकेट लीग है, जहां हर वर्ग और क्षेत्र के लोग जुड़े हुए हैं। ऐसे में राजस्थानी भाषा को शामिल करना न केवल समय की मांग है, बल्कि यह भाषाई समानता की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी साबित होगा।

### भाषाई विविधता में राजस्थानी की अनदेखी

आईपीएल के डिजिटल और टीवी प्लेटफॉर्म्स पर क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। हरियाणवी, पंजाबी और भोजपुरी जैसी भाषाओं में कमेंट्री उपलब्ध कराकर दर्शकों को जोड़ा जा रहा है, लेकिन राजस्थानी भाषा का अभाव स्पष्ट रूप से महसूस किया जा रहा है। भाषा विशेषज्ञों का मानना है कि राजस्थानी भाषा न केवल राजस्थान में बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी बड़ी संख्या में बोली और समझी जाती है। ऐसे में इस भाषा को नजरअंदाज करना उचित नहीं है।

# अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर नारनौल में विशाल रक्तदान शिविर 13 अप्रैल को

## महल अनुसूचित जाति विकास मंच की पहल, रक्तवीरों व सामाजिक कार्यकर्ताओं का होगा सम्मान

भीम प्रज्ञा न्यूज़ नारनौल।

डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर नारनौल में सामाजिक सरोकारों का प्रेरणादायक आयोजन होने जा रहा है। महल अनुसूचित जाति विकास मंच, नारनौल के तत्वावधान में 13 अप्रैल 2026 (सोमवार) को मोहल्ला महल स्थित सामुदायिक भवन में प्रातः 10 बजे भव्य समारोह के साथ विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था द्वारा हर वर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में इस बार दूसरा विशाल रक्तदान कैम्प लगाया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं के भाग लेने की उम्मीद है। कार्यक्रम में जिला रेडक्रोस सोसाइटी के सहयोग से रक्त संग्रह किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को 'रक्तवीर' के रूप में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही शहर की उत्कृष्ट सामाजिक संस्थाओं के एक-एक प्रतिनिधि को भी मंच द्वारा सम्मानित किया जाएगा, ताकि समाज सेवा के कार्यों को प्रोत्साहन मिल सके। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करेंगे। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान शिविर में भाग लेकर मानव सेवा के इस पुण्य कार्य में सहयोग करने की अपील की है। यह आयोजन न केवल बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा, बल्कि समाज में सेवा, समानता और भाईचारे का संदेश भी देगा।



# सोशल मीडिया के दबाव में मत आइए

**मुंबई एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर दिखने वाले परफेक्ट बॉडी स्टैंडर्ड्स पर अपनी बात रखते हुए बताया है कि किस तरह से सोशल मिडीया का दखल व्यक्तिगत जीवन में बढ़ गया है।**

कुब्रा ने लोगों को सलाह भी दी है कि इन चीजों के लिए सोशल मीडिया को दोष देने के बजाय खुद के अंदर झांकना चाहिए। इस विषय में कुब्रा कहती हैं, 'असली समस्या सोशल मीडिया नहीं, बल्कि हमारी अपनी असुरक्षाएं हैं। अगर इंसान का आत्मविश्वास मजबूत हो, तो बाहर की चीजें उसे ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकती।' इसके अलावा उन्होंने अपनी बात करते बताया कि वे खुद को फिट रखने पर ध्यान देती हैं, लेकिन किसी तरह के बदलाव का सहारा नहीं लेतीं। हालांकि, वह यह भी मानती हैं कि हर किसी की अपनी पसंद होती है और ऐसे में हर किसी को चाहिए कि वे दूसरों को जज न करें। कुब्रा कहती हैं, 'हर किसी की अपनी जर्नी होती है, अपनी पसंद होती है, इसलिए दूसरों को जज करने या उनसे खुद की तुलना करने की बजाय अपनी लाइफ और अपने सफर पर ध्यान दें।' इन सबके अलावा अपने करियर के बारे में बात करते हुए कुब्रा ने यह भी बताया कि मेहनत और अनुशासन उनके लिए बहुत जरूरी रहे हैं। हालांकि मुंबई आना उनके लिए एक बड़ा टर्निंग पॉइंट था, जिससे उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का मौका मिला।



# कॉकटेल 2 मे मेरा किरदार दर्शकों को हैरान कर देगा

**कृति सेनन, शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म कॉकटेल 2 सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। वहीं हाल ही में कृति ने अभी तक के अपने सबसे हॉट किरदार के बारे में बताया। अभिनेत्री का कहना है कि उनका यह रोल दर्शकों को हैरान कर देगा।**

एक खबर के अनुसार, हाल ही में कृति सेनन ने बताया कि 'कॉकटेल 2' में उनका नया लुक दर्शकों को हैरान कर देगा। कृति ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं 'कॉकटेल 2' पहले से काफी अलग दिख रही हूं। यह शायद अब तक का मेरा सबसे हॉट किरदार है।' कृति ने फिल्म 'कॉकटेल 2' के डायरेक्टर होमी अदजानिया की तारीफ करते हुए कहा, 'होमी की सौंदर्य समझ बहुत अच्छी है और वह स्वभाव से बहुत कूल हैं। उन्होंने मेरे अंदर एक ऐसा कूल पहलू निकाला है, जिसके बारे में मुझे खुद भी नहीं पता था।'

### कृति ने क्यों की 'कॉकटेल 2'

कृति ने यह भी बताया कि उन्होंने 'कॉकटेल 2' का ऑफर क्यों स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि उनकी पिछली फिल्म 'तेरे इश्क में' बहुत भावुक थी। इसलिए उन्हें कुछ हल्का-फुल्का और मजेदार काम चाहिए था। जब 'कॉकटेल 2' का ऑफर आया तो उन्होंने तुरंत हां कर दी। उन्होंने कहा, 'बस यही वो जगह है, जहां मैं रहना चाहती हूं।' कृति ने आगे कहा कि वह अलग-अलग तरह के किरदार निभाना पसंद करती हैं। होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक आधुनिक लव ट्रायंगल है, जो दोस्ती और रिश्तों की जटिलताओं को दर्शाता है।

**सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। काफी समय से सोशल मीडिया पर सलमान की दिल राजू के साथ फिल्म को लेकर चर्चा हो रही थी। आज सलमान ने खुद अपने पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि कर दी है।**



# दिल राजू के साथ अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे सलमान

**बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए तेलुगु निर्देशक और निर्माता के साथ काम करने जा रहे हैं। अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा इंस्टाग्राम पर की है। आगामी फिल्म के लिए सलमान निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ काम करेंगे। इस फिल्म के निर्माता दिल राजू होंगे।**


सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ सलमान ने लिखा, 'दिल, दिमाग और जिगर से इस अप्रैल से वामसी और दिल राजू के साथ। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग अप्रैल में शुरू होने वाली है।

वामसी पेडिपल्ली को तेलुगु और तमिल सिनेमा में कई सफल फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। उनकी फिल्मोग्राफी में प्रभास (मुन्ना), एनटीआर (बृंदावनम), राम चरण और अल्लू अर्जुन (येवडु), नागार्जुन और कार्थी (ओपिरी), महेश बाबू (महर्षि), और विजय (वारिसु) जैसे सितारों के साथ कई फिल्में बनाई हैं।

### 'मातृभूमि' में नजर आएंगे सलमान खान

दिल राजू की फिल्म करने से पहले सलमान 'मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस' में नजर आएंगे। अभिनेता प्रशांत तमांग के निधन के कारण इसकी रिलीज डेट टाल दी गई है। पहले इसे 17 अप्रैल 2026 को रिलीज किया जाना था, लेकिन अब यह फिल्म 15 अगस्त 2026 या उसके आसपास रिलीज हो सकती है।

# पूरी तरह रियल फिल्में बनाना चाहता हूं




एक्टर अक्षय कुमार और प्रियदर्शन 'भूत बंगला' से एक बार फिर हॉरर-कॉमेडी जॉनर में वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए उनकी और अक्षय कुमार की हिट जोड़ी 14 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी को तैयार है। फिल्म को लेकर काफी बज बना हुआ है और दर्शक बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं, लेकिन इस बीच अक्षय कुमार ने अपने एक्शन फिल्मों में सीन के शूटिंग को लेकर बड़ा बयान दिया है।

अक्षय कुमार ने कहा कि आजकल एक्शन फिल्मों को बनाने का तरीका पूरी तरह बदल गया है। पहले जहां एक्शन सीन असली होते थे, वहीं अब ज्यादातर काम वीएफएक्स के जरिए किया जाता है। उनके मुताबिक, इसमें मजा नहीं आता क्योंकि यह नकली लगता है। अक्षय ने कहा, 'मैं ऐसी फिल्म बनाना चाहता हूं जो पूरी तरह रियल हो।' अक्षय, जो कराटे, ताइक्वांडो और कूडो जैसी मार्शल आर्ट्स में ट्रेंड हैं, उन्होंने कहा, 'अगर मैं कूद रहा हूं तो सच में कूद रहा हूं, वीएफएक्स का इस्तेमाल नहीं कर रहा। अगर मैं किक मार रहा हूं तो खुद मार रहा हूं, ऐसा नहीं कि 15 लोग मिलकर किसी को किक मारने में मदद कर रहे हों।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं बिना वीएफएक्स के एक एक्शन फिल्म बनाना चाहता हूं। मैं ये बात एआई के दौर में कह रहा हूं, लोग जो सोचें सोचें, लेकिन मैं ऐसी फिल्म बनाना चाहता हूं जिसमें असली एक्शन हो। दर्शक खुद महसूस कर सकें कि इसमें कितनी मेहनत लगी है, ना कि एआई या कंप्यूटर की मदद से किया गया काम।' बता दें कि भूत बंगला 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसे प्रियदर्शन डायरेक्ट कर रहे हैं।



# बॉलीवुड में काम करने पर क्या बोले नागा चैतन्य? आमिर के साथ किया था हिंदी फिल्मों में डेब्यू



साउथ के अभिनेता नागा चैतन्य अपनी अपकमिंग फिल्म 'वृषकर्मा' को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने साउथ के अलावा आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' (2022) में भी काम किया है। हाल ही में उन्होंने बताया कि अपनी पहली हिंदी फिल्म के बाद उन्होंने कोई दूसरी हिंदी फिल्म क्यों साइन नहीं की। एक्टर का यह बेबाक जवाब तब आया है जब फैंस लगातार उनसे बॉलीवुड से उनकी गैरमौजूदगी के बारे में सवाल कर रहे हैं।

### क्या हिंदी में काम करना चाहते हैं अभिनेता?

हिंदी सिनेमा में काम करने को लेकर उन्होंने कहा 'इसका कोई खास कारण नहीं है। यकीनन, मैं नए मौकों के लिए तैयार हूं। बस उस फिल्म के बाद, मैं यहां (साउथ) के प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा था। उनमें मेरा काफी समय और मेहनत लगी। इसलिए, मैं हिंदी फिल्मों में काम करने के मौके का इंतजार कर रहा हूं। अपनी पूरी ऊर्जा के साथ वहां फिर से कुछ खास करने की उम्मीद कर रहा हूं।'

प्रेरित करने वाली हो फिल्म

नागा चैतन्य ने आगे कहा 'अब भाषा कोई रुकावट नहीं रही, दर्शक अलग-अलग भाषाओं की हर तरह की फिल्में देखते हैं। मैं हिंदी फिल्म करने के लिए तैयार हूं, लेकिन वह कुछ ऐसी होनी चाहिए जो मुझे प्रेरित करे। वह कुछ नई होनी चाहिए, जिसमें मुझे उन फिल्ममेकर्स के साथ काम करने का मौका मिले, जिन्हें मैं सच में पसंद करता हूं।'

### बॉलीवुड के बारे में क्या बोले अभिनेता?

लाल सिंह चड्ढा के बारे में बात करते हुए नागा चैतन्य ने कहा 'मुझे उस फिल्म की शूटिंग में बहुत मजा आया। मैंने बहुत कुछ सीखा। वहां के लोग बहुत ही मिलनसार थे। उन्होंने मेरा बहुत अच्छे से ख्याल रखा। इसलिए, मेरा यह अनुभव शानदार था। बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। इस फिल्म के नतीजों ने मेरी सोच में किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं किया है।' नागा चैतन्य आखिरी बार फिल्म 'तंडेल' में नजर आए थे। अगली बार अभिनेता फिल्म 'वृषकर्मा' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म इसी साल रिलीज होगी।



# ओटीटी ने अभिनेत्रियों की मेहनत को दर्शकों तक पहुंचाया

**दिव्या दत्ता ने अपने अभिनय का जादू कुछ इस कदर लोगों के जहन में छोड़ा है कि उनका नाम ही उनकी मेहनत को बयां कर देता है। वीर ज़ारा, दिल्ली 6, भाग मिल्खा भाग जैसी फिल्मों नज़र आईं दिव्या हाल ही में इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ दिल्ली में शिरकत करने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने ओटीटी में महिलाओं की भूमिका पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे ओटीटी ने अभिनेत्रियों की मेहनत को दर्शकों तक पहुंचाया है।**

एक लंबा दौर रहा है जब कोई फिल्म रिलीज होती थी, तो लोग पूछते थे कि ऐक्टर कौन है। इस वजह से हिराइनों के किरदार की अहमियत ढक जाती थी। लेकिन ओटीटी पर महिला प्रधान सीरीज और फिल्में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। ओटीटी पर आने से क्या अब उन कलाकारों को एक संजीवनी में है, जो हीरो की साख में कहीं खो जाते थे? नवभारत टाइम्स के इस सवाल पर दिव्या कहती हैं, 'मुझे लगता है कि ओटीटी आज सबको मौका दे रहा है। पहले इंडस्ट्री में कास्टिंग डायरेक्टर का कॉन्सेप्ट नहीं होता था। उस समय होता यह था कि तू भी आजा, वो भी आ जाए। एक ही किरदार आपको हर जगह दिखता था, ये ही कॉमिडी करेंगे, ये ही विलन होंगे, ये ही हीरो होंगे, लेकिन हिरोइनें बदल जाती थीं।'

### टीवी एक्टर्स के लिए अच्छा समय

दिव्या ने आगे कहा, 'एक समय था जब लोग कहते थे कि टीवी के कलाकार फिल्मों में नहीं आ सकते और जो छोटे रोल करते हैं वो बड़े रोल नहीं कर सकते। अब वो लाइन खत्म हो गई है। अब अगर आप अच्छे हैं और आप उस रोल को सूट करते हैं तो आप हैं। और यह ऐक्टर के साथ बहुत ही बेहतरीन बात हुई है। इसका क्रेडिट में दर्शकों को दूंगी।'

लंबे करियर के बीच काम से ब्रेक लेना कितना जरूरी है, इस पर दिव्या कहती हैं, 'आपको काम से ब्रेक लेने की जरूरत पड़ती ही है। एक समय ऐसा भी आया था, जब मैंने पांच महीने का ब्रेक लिया था। क्योंकि कभी-कभी काम का बोझ इतना ज्यादा हो जाता है कि आपको आराम की जरूरत महसूस होती है। उस समय हर कोई मुझसे पूछता था कि क्या मैं अपने घर पर ठीक हूं? लोग कहते थे कि मुझे बाहर निकलना चाहिए, लोगों से मिलना-जुलना चाहिए। लेकिन जब आपकी कोई फिल्म रिलीज होती है और वह फिल्म अच्छी होती है, तो सारी चिंताएं दूर हो जाती हैं।'

### ओटीटी कॉन्टेंट स्टार्स नहीं कहानी की जरूरत देखता है

ओटीटी पर आज बड़े स्टार्स से लेकर नए कलाकार तक नजर आते हैं। लेकिन दिव्या का कहना है कि ओटीटी लोकतांत्रिक प्लेटफॉर्म है, यहां जो जिस काबिल है, उसे वो ही मिलता है, चाहे कितना भी बड़ा स्टार हो। वह कहती हैं, 'आज कई लोग कहते हैं, धुरंधर आई है तो उसका एक्शन तो हम बड़े पर्दे पर ही देखेंगे। लेकिन सब फिल्में उतनी अच्छी नहीं चलतीं, उन्हें उतना वक्त नहीं मिलता है। जैसे होता था कि फलाना हीरो होगा या हिरोइन होगी तो ही फिल्म पर्दे पर लगेगी, ओटीटी पर ऐसी कोई सीमा नहीं है। ओटीटी पर आप स्टार्स को भी देखेंगे लेकिन उन रोल में जो उन्हें सूट करते हैं। अगर जबरदस्ती का कोई किरदार उन्हें दिया जाता है तो उन्हें पसंद नहीं करते हैं। यह एक बहुत लोकतांत्रित प्लेटफॉर्म है। चाहे आप नए हों या जाने-माने ऐक्टर हों या कोई बड़े स्टार हों, अगर आप उस शो में हैं तो इसलिए हैं क्योंकि आप उस रोल से जुड़े हुए हो। वरना दर्शक निर्णय करते हैं कि फलाना शो नहीं देखते हैं और आपको पता चल जाता है कि उन्होंने किसको नकारा है।'

# JEE (Main)- 2026 Result *(January Attempt)*

## "Consistently No.01 in Jhunjhunu–MDCL"

**99.86%tile**
**TANISH AGRAWAL**
S/O SUNJAY AGARWAL

- 99.41%tile — Shashak, S/o Manoj Jangir
- 99.33%tile — Rajyavardhan, S/o Mahipal Singh
- 99.33%tile — Jatin, S/o Gyarsilal Saini
- 99.30%tile — Usha Dangi, D/o Vijendra Singh
- 99.17%tile — Khushi, D/o Rakesh Gupta
- 99.04%tile — Ayush Sharma, S/o Subhash
- 98.94%tile — Ritesh Kumar, S/o Sandeep Kumar
- 98.69%tile — Chanchal Saini, D/o Shyam Prakash
- 98.63%tile — Mayank Yadav, S/o Umed Singh
- 98.61%tile — Eshant, S/o Ram Vilash Saini
- 98.51%tile — Vikas, S/o Manohar Singh
- 98.46%tile — Rishabh, S/o Rajesh
- 98.37%tile — Yashvardhan, S/o Mahipal Singh
- 98.15%tile — Tarun Sharma, S/o Virendar Pal
- 98.11%tile — Anshu, S/o Suresh Kumar
- 98.11%tile — Mridul, S/o Pawan Kumar
- 98.01%tile — Arun, S/o Anil Kumar
- 97.9%tile — Vinay Kumar, S/o Mahesh Kumar
- 97.74%tile — Parikshit, S/o Surendar
- 97.69%tile — Chanchal Jangir, D/o Kamal
- 97.66%tile — Piyush, S/o Sanjay Jangir
- 97.29%tile — Sandeep Kumar, S/o Liladhar Saini
- 97.05%tile — Payal Shekhawat, D/o Jorawar Singh

## Our NEET-UG Result Top Performers

- AIR 34 OBC — Jaishree Sain, D/o Satyaprakash, AIIMS Delhi (2021)
- AIR 2572 OBC — Hemant Rao (Hosteller, With XII), S/o Vijay Singh, Armed Forces Medical College (AFMC) Pune (2025)
- AIR 3011 OBC — Manish Barala, S/o Ramesh Kumar, Govt. Medical College Kota (2025)
- AIR 3472 OBC — Mihir Swami, S/o Rakesh Sharma, Govt. Medical College Churu (2025)
- AIR 4001 OBC — Chanchal kulhari, D/o Vijendra Singh, Govt. Medical College Churu (2025)
- AIR 1721 OBC — Aadesh Sharma, S/o Daya Ram Sharma, Govt. Medical College Churu (2025)
- AIR 10618 OBC — Lalit Dangi (Hosteller), S/o Pratvi Singh, Govt. Medical College Baramulla (2025)
- AIR 15903 OBC — Shiya, D/o Vijendra kumar, Govt. Medical College Churu (2025)
- AIR 3410 SC — Dharmvir (Hosteller, With XII), S/o Sombir Singh, Govt. Shyam Shah Medical College Rewa (2025)
- AIR 5230 SC — Shakshi (With XII), D/o Vinod Kumar, Govt. Medical College Nalgonda (2025)

### RBSE Board Result Summary

**90% & Above**
**122** Students

**95% & Above**
**33** Students

12th AGRICULTURE RESULT 2026 — AGRICULTURE STREAM चिड़ावा टॉपर
**94.80%** PRIYA, D/O UMMED SINGH

12th ARTS RESULT 2026 — ARTS STREAM चिड़ावा टॉपर
**96.80%** SNESHA DAILA, D/O BABULAL

## RBSE BOARD RESULT 2026

10th TOPPER — **98.33%** NITYA SAINI, D/O MUKESH SAINI

12th SCIENCE TOPPER — **97.80%** VIVEK, S/O ASHOK — 100 PHYSICS, 100 MATHS, 99 CHEMISTRY

- 98.00% — RAJIV (X), S/o ASHOK
- 98.00% — PRACHI (X), D/O PRAVESH
- 97.67% — PRIYANSHI (X), D/O SUNIL KUMAR
- 97.67% — MOKSH OLA (X), S/O DINESH
- 97.50% — YOGESH (X), S/O RAJENDER
- 97.50% — MRIDUL (X), S/O RITESH SHARMA
- 97.50% — LAKSHITA (X), D/O MAHESH
- 97.33% — JIVITESH (X), S/O SAJJAN KATARIA
- 97.00% — HIMANSHU (X), S/O VIKASH
- 97.00% — PRIYANSHI (X), D/O SUBHASH KUMAWAT
- 97.00% — PRIYA (XII), D/O OM PRAKASH
- 96.83% — RITIKA (X), D/O KARN SINGH
- 96.50% — KAJAL (X), D/O SHYAM PRATAP
- 96.50% — VIDHI (X), D/O SUMER SINGH
- 96.40% — ASHISH (XII), S/O SURENDRA SINGH
- 96.20% — SAYARAM (XII), S/O VINOD KUMAR
- 96.17% — DIKSHA (X), D/O SANDEEP KUMAR
- 96.00% — KHUSHI (X), D/O SATISH
- 95.83% — YOGESH (X), S/O SURESH DANGI
- 95.83% — KHUSHI (X), D/O MUKESH KUMAR
- 95.67% — AVNI (X), D/O RAKESH KUMAR
- 95.60% — HITESH (XII), S/O SAJJAN SINGH
- 95.50% — NEHA (X), D/O SANDEEP KUMAR
- 95.50% — PREETI (X), D/O RAJESH KUMAR
- 95.40% — SAKSHI (XII), D/O MAHESH KUMAR
- 95.33% — AARADHYA (X), D/O PRAMOD KUMAR
- 95.20% — PAYAL (XII), D/O RAMESH JANGIR
- 95.17% — NITIN (X), S/O RAMJI LAL
- 95.17% — NITU (X), D/O VINOD KUMAR
- 95.00% — NIDHI (X), D/O JITENDRA SISODIA

**ADMISSIONS OPEN NOW** FOR SESSION 2026-27

### Admission Announcement

**New Batches Start *from***

- XI to XII Moving : **6 April, 2026**
- X to XI Moving : **6 April, 2026**
- XII to Passed : **6 April, 2026**
- 6th to 10th Students : **6 April, 2026**

### Why Choose Our Pre-Foundation Programe?

Strong Foundation in **Science & Maths** — **BEST PRE FOUNDATION** — Programme for **OLYMPIADS**

**MDCL**
IIT-JEE (Mains & Adv.) | NEET-UG

MD — स्कूल चिड़ावा — | MD — LITTLE FLOWER —

XIII-Target Course, XI-XII Foundation Course, VI to X Pre Foundation Course.

For More Info **8432644113, 9829959351**

**MD CAMPUS,** Jhunjhunu Road, **CHIRAWA**

www.mdschoolcrw.com
mdgroupofchirawa
mdscrw@gmail.com


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com